यन्त्रालय में जोकाव्यकीपुस्तकेंछपीहैं उनमेंसेकुछ नीचेलिखीहैं

नानार्थसंग्रहावली ॥

पण्डित [illegible]ादीन शुक्ल रचित सातपोथी का संग्रह है) संग्रहावली (२) रामायणमाला (३) रामायणगीताष्टक) [illegible]नदोहावली (५) रससारिणी (६) तिथिबोध (७)मात्र [illegible]कृतपिंगल अक्षर बहुतपुष्टहैं कि वृद्ध और बालकभी पढ़ [illegible] हैं ॥

कृष्णप्रिया ॥

मंगलीप्रसाद विरचित व्रजविलास की तरहपर श्रीकृष्ण जीका जन्मसे वैकुण्ठ गमन पर्य्यन्त चरित्र है यहकाव्यालंकारयुक्त बहुतही सुन्दर पुस्तकहै ॥

छन्दोर्णव पिंगल ॥

जिसमें मात्रावृत्त,वर्णवृत, मेरु,मर्कटी,पताका,लघुगुरुस्थ पनरीति और सब छन्दोंके दृष्टांत सहित रूपहैं ॥

रसराज ॥

मतेरामजी कविरचित जिसमें अतिमनोहरतासेकाव्यालंकार संयुक्तनायकाभेदका वर्णनहै ॥

कविकुलकल्पतरु ॥

भूषणचिन्तामणिजी रचित जिसमें अतिरुचिर छन्दों में नायकाभेदकी पूरीबातें लिखीहैं ॥

शतसयीसटीकविहारीलालजी रचित ॥

श्रीकृष्ण राधाजीके विषयमें सम्पूर्ण नायकाभेदकावर्णन सातसौ दोहोंमेंहै और दोहोंके भावार्थ के सवैये और कवित्त भी हैं ॥

सभाविलास ॥

जिसमें सभाकी चतुरताकेलिये चुनीहुई बातेंजैसेनीति



कविप्रिया सटीक ॥

अथ मंगलाचरण ॥

दो० श्रीराधा बाईं तरफ तुलसि कंज पद माहँ ।
कूलकलिंदी के लसत कहूं कदम की छाहँ १

कवित्त । आवति रमन साथ कुंजते भवन प्रात सुखपैम यूषै फैली कंचन किनारी की । अरसाने गात रससानी कहै बात चाहि चाहभरी आंखैं लखिजाति नगवारीकी ॥ शोभा ते सुधारी किधौं चंदते निकारी विधि जाके न समान छवि कामहू की प्यारीकी । राजैरूप भारी नैन नींदकी खुमारी तूल शची न उमारी वृषभान की कुमारीकी २ ॥ सवैया ॥ राधाके पांवन के नखकी सुखमा लखि होतहै चंद मलीनो । रूपअतोल अमोलककी उपमा लहि कंज महामद भीनो ॥ सोनहिं नेकसह्यो करतार विचारसों जानतहै परवीनो । देखौ वराटकके छलसों विधि मोलकै ताहि वराटक दीनो ३ लोक चतुर्दशकी जननी हरि पांवपयोजशिरी निरधारी । आठ सुसिद्धिनवो निधि औ विधिकी वनिता तुव सेवनिहारी ॥ तू करुणामय की दयिता तुलसी करुणामय देहतिहारी । भीरपरे इमि आवति आगे करै करज्यों धरकी रखवारी ४ पांचन में बिलसै तुलसी हरिकाज सबै उनहींसों सरैगो । लायसों ज्यों तृणतूल बिलापति तैं सुमिरे सबविघ्नजरैगो ॥ साजिहै काज

सेवे निजदासके जानतहौं न कवै विसरैगो । श्याम शरीर हरे परपीर अहीरको नंदन भीरकरैगो ५ ॥ कवित्त ॥ परमउदार दशरथकोकुमार सवअंगसुकुमार कामरूपमदकोहरैं । करुणा-निकेतकरै दीननसोंहेत मुंहमांग्यो सुखदेत जाको सेवन रमा करैं ॥ उदधिवँधाय लरिलंकहि छिनायलीनी दीनीहै विभीषण को अवरज को धरैं । विधि पूजैंपाय ऐसो चाहैं रघुराय केती लंकनवनाय रोज रंकनको वितरैं ६ (हमारो कियो श्रीमोहन लीला को कवित्त वृंदावन वर्णन) सवैया ॥ कूजत कोकिलके गन कुंजमें मत्त मधुव्रत गुंजसुहायो । चारुलता लपटीतरुसों सुकिधौं तरुणी पियकंठ लगायो ॥ धारलखे यमुना जलकी चहुंओर विचार यहैचितआयो । नीलमकोर विहार मनो कर-तारलै श्रीवनको पहिरायो ७ ॥ दोहा ॥ सुगमछाँड़िकै कठिन को अर्थकरौं विस्तार । सवको अर्थकरे इहां वाढ़ैग्रंथ अपार ८ (अन्वय सों ग्रंथ लागैगो यातें अन्वयको लक्षण) अन्वय पद संवंधपद निकटरहैके दूरि । अर्थकरत मिलिजातहै यहजानौ सवसूरि ९ पदजाहि पदसों अन्वितहोय ताके निकटरहै किंवा दूररहै अलंकार ग्रंथ जानि अलंकार और नहीं निकारे अलं-कार और भी हैं ॥

इति मंगलाचरण ॥

दो० ॥ गजमुखसनमुखहोतही विघनविमुखव्है जात ॥
ज्योंपगपरतप्रयागमग पापपहारविलात १ ॥

गजमुख गणेश ताके सन्मुख सामनेहोतकै सानुकूल होत कै किंवा गजमुखसों संमुखहोतकै गजमुख के सामने देखत ताही समय विघनजाहै सो विमुख व्है जात है विमुखको अर्थ विनष्टभयोहै मुखजाको यहअर्थ विनामाथाको व्हैजातहैं ऐसो अर्थ कियेविना आगे दृष्टान्तसों नहीं मिलैगो १ ॥

दो० ॥ बाणीजूकेबरणयुग सुबरणकणपरमान ॥
सुकबिसुमुखकुरुखेतपरि होतसुमेरुसमान २॥

बाणी सरस्वती तिनके द्वैवरण अक्षर गुरु औ लघु सो वै कैसेहैं सुबरणकी कणिका परमाणहैं सुकविजेहैं सुमुख गणेश जी सोहैं कुरुखेत याको रूपक कियो तामें परिकै प्राप्तह्वैकै सुमेरु समान होत हैं मेरु मर्कटी पताका सुन्दर जो मेरु तामें समता पावैहै सुमुख एकदंत कपिल इत्यादि गणेशके बारह नाम हैं श्लेष में सुवर्ण की कणिका कुरुक्षेत्र में गाड़िकै गुप्त दानदेय तौ सुवर्ण बहुतवृद्धि को प्राप्तहोय पीछे आगे गणेश कीस्तुति बीचमें सरस्वती की स्तुति कैसेहोय औ सरस्वती की स्तुति नहीं निकरै कवि की स्तुति निकरै है २ ॥

(गणपतिदन्तबर्णनं) कवित्त ॥ सत्वसत्वगुणकोकि सत्यहीकीसत्ताशुभसिद्धिकीप्रसिद्धकीसुबुद्धिवृद्धिमानि ये। ज्ञानहींकीगरिमाकिमहिमाबिबेकहीकीदरशनहीको दरशनउरआनिये ॥ पुण्यकोप्रकासवेदविद्याकोविलास किधौंयशकोनिवासकेशौदासजगजानिये।मदनकदनसु तबदनरदनकिधौंविघनबिनाशनकीविधिपाहिंचानिये ३

गणेश को दांत बर्णत हैं सत्व गुणको सत्व कहिये प्राप्त है किंवा सत्व गुण देखिबेमें नहीं आवै है ताको सत्व कहिये विद्यमानता हैं मूर्त्तिमान सत्वगुण है यहअर्थ हेमी नानार्थमें सत्वनाम सत्ताको औ प्राणीको औ प्राणको किंवा सत्य जो पदार्थहै ताकी सत्ता विद्यमानताहै किंवा सत्यकोसारहै सत्ता सारको भी भाषा में कहत हैं ज्ञानकी गुरुता है विवेक बड़ाई विचार ताकी बड़ाई है हेमीनानार्थ में दरशन नाम शास्त्रको औ नेत्रको भी है दरशन शास्त्र ताको नेत्र है किंवा दरशन शास्त्र ताको शास्त्रहै किंवा षट्दरशन योगी संन्यासी आदि ताको दरशन दरशनीय जानिये मदन काम ताको जिन क-

दन कहते नाश किये है को शिव तिनको सुत गणेश ताको दांत है किधौं विघ्न विनाशिवे की विधि क्रिया मूर्त्तिमान है यहजानिये सवपदकी जो धुनिनिकारिये तौ ग्रंथवहुतवढ़े ३ ॥

दो० ॥ प्रकटपंचमीकोभयो कविप्रियाअवतार ॥
सोरहसैअट्ठावनो फागुनसुदिवुधवार ४ ॥

कविप्रियारूप जो अवतारकवि ताको प्राप्तहोनेकी सीढ़ी ४ ॥

दो० ॥ नृपकुलवरणौंप्रथमही अरुकविकेशववंश ॥ प्रकटकरीजिनकविप्रिया कविताकोअवतंश ५ (नृपवंश वर्णनं) ॥ ब्रह्मादिककीविनयते हरणसकलभुविभार ॥ सूरजवंशकरयोप्रकटरामचन्द्रअवतार ६ ॥

सूर्य्यवंशमें श्रीरामचन्द्रजी अपनोअवतार प्रकटकरयोहै ६ ॥

दो० ॥ तिनकेकुलकलिकालरिपुकहिकेशवरणधीर ॥ गहरवारविख्यातजग प्रकटभयेनृपवीर ७ करणनृपति तिनकेभये धरणीधर्म्मप्रकास ॥ जीतिसबैजगतीकरयो वाराणसीनिवास ८ प्रकटकरणतीरथभये जगमेंतिनके नाम ॥ तिनकेअर्जुनपालनृप भयेमहोनीग्राम ९ ॥

करण तीर्थनाम है ९ ॥

दो० ॥ गढ़कुठारतिनकेभये राजाशाहनृपाल ॥ सहजकरणतिनकेभये कहिकेशवरिपुकाल १० राजानौनिकदेभये तिनकेपूरणसाज ॥ नौनिकदेकेसुतभये पृथुज्यों पृथ्वीराज ११ ॥

नौनिक कहूं नौगद भी पाठ है ११ ॥

दो० ॥ रामसिंहराजाभये तिनकेशूरसमान ॥ राजचन्द्रतिनकेभये राजाचन्द्रप्रमान १२ राजमेदनीमल्ल

भये तिनकेकेशवदास ॥ अरिमर्दमरदनमेदिनी कीन्हयो धर्मप्रकास १३ राजाअर्जुनदेभये तिनकेअर्जुनरूप ॥ श्रीनारायणकोसखा कहैसकलभवभूप १४ महादानषोडशदये जीतीजगदिशिचारि ॥ चारौवेदअठारहो सुने पुराणबिचारि १५ रिपुखण्डनतिनकेभये राजाश्रीमलखान ॥ युद्धजुरेनमुरेकहूं जानतसकलजहान १६ नृपप्रतापरुद्रसुभये तिनकेजन्नुरणरुद्र । दयादानकोकल्पतरु गुणनिधिशीलसमुद्र १७ ॥

जनुको अर्थ मानो रणविषे रुद्र शिव है १७ ॥

दो० ॥ नगरओरछोजिनरच्यो जगमेंजागतकृत्ति ॥ कृष्णदत्तमिश्रहिदई जिनपुराणकीवृत्ति १८ भरतखण्डमंडनभये तिनकेभारतचन्द ॥ देशरसातलजातजिहिं फेरयोज्योंहरिचन्द १९ शेरशाहिअसलेमके उरशालीशमशेर। एकचतुर्भुजहूनयो ताकोशिरतेहिवेर २० ॥

उरमें शाले है ऐसी जाकी तरवारि है २० ॥

दो० ॥ उपजिनपायोपुत्रतिहिं गयोसुप्रभुसुरलोक ॥ सोदरमधुकरशाहतब भूपभयेभुवलोक २१ जिनकेराजरसाबसे केशवकुशलकिशान ॥ सिन्धुदिशानहिवारहूं पारबजाइनिशान २२ ॥

जिनके राज्य की रसाभूमि तामें बसेहैं किसानभी प्रवीण भी सिंधुनदी लहाउर की तरफ है सिंधु जो नदी ताकी जो तरफ दिशा सिंधु की तरफ सिंधुके वारहीनहीं निशानबजाये पार भी निशान नगारा बजाये सिंधु के पार भी जीते हैं जो सिंधु समुद्र लीजिये तो वाके पार मनुष्यकी गतिनहीं २२ ॥

दो० ॥ तिनपरचढ़िआयेजुरिपु केशवगयेतेहारि ॥ जिनपरचढ़िआपुनगये आयेतिन्हेंसँहारि २३ सबल शाहअकबरअवनि जीतिलईदिशिचारि ॥ मधुकरशाहनरेशगढ़ तिनकेलीन्हेमारि २४ खानगनैसुलतान को राजारावतवादि ॥ हारेमधुकरशाहसों आपुनशाहमुरादि २५ ॥

सुलतानबादशाह तिनके गने गणना लायक उमरावबादि को अर्थ फेरि २५ ॥

दो० ॥ साध्योस्वारथसाथही परमारथसोंनेह ॥ गयो सोप्रभुवैकुंठमग ब्रह्मरन्ध्रतजिदेह २६ तिनकेदूलह रामसुत लहुरेहोरिलराव ॥ रिपुखण्डनकुलमण्डनो पूरणपुहुमिप्रभाव २७ रणरूरोरणसिन्धुपुनि रत्नसेनिपुनिईश ॥ बांध्योआपजलालदी वानेजाकेशीश २८ ॥

रणमें रूरो आछो २८ ॥

दो० ॥ इंद्रजीतरणजीलपुनि शत्रुजीतबलबीर ॥ बिर सिंहदेवप्रसिद्धपुनि हरसिंहभोरणधीर २९ मधुकरशाहनरेशके इतनेभयेकुमार ॥ रामशाहराजाभये तिनमेंबुद्धिउदार ३० घरबाहरजहँईतहीं केशवदेशविदेश ॥ सबको उथहईकहै जीत्योरामनरेश ३१ रामशाहसोंशूरता धर्मनपूजैआन । जाहिसराहतसर्वदा अकबरसोसुलतान ३२ करजोरेठाढ़ेजहां आठौदिशिकेईश ॥ ताहितहांबैठकदई अकबरसेअवनीश ३३ ॥

इतने मधुकरशाह के पुत्रभये २९।३०।३१।३२।३३ ॥

दो० ॥ जाकेदरशनकोगये उघरेदेवकिवार ॥

उपजीदीपतिदीपकी देखतएकहिबार ३४॥

बद्रीनाथजी के दर्शनको गये तहां मंदिर के किवार खुले दीप बरिउठ्यो ३४॥

दो०॥ ताराजाकोराजअब राजतजगतीमाहँ॥राजारानारावसबसोवतजाकीछाहँ ३५ तिनकेसुतग्यारहभयेजेठेशाहसंग्राम॥दक्षिणदक्षिणराजसो तिनजीत्योसंग्राम ३६ भरतखण्डभूषणभये तिनकेभारतशाहि॥भरतभगीरथपारथहि उनमानतसबताहि ३७ सुतसोदरनृपरामके यद्यपिबहुपरिवार॥तदपिसबैइंद्रजीतशिर राजलाजको भार ३८ कल्पवृक्षसोंदानदिन सागरसोंगंभीर॥ केशव शूरोशूरसों अर्जुनसोरणधीर ३९ ताहिकछोवाकमलसो गढ़दीन्होंनृपराम॥ बिधिज्योंसाधतबैठितहँ केशवबाम अबाम ४०॥

कछोवा कमल नाम हैं बाम अबाम भला बुरा ४०॥

दो०॥कह्योअखारोराजको शासनसबसंगीत॥ताको देखतइंद्रज्यों इंद्रजीतरणजीत ४१ बालवयक्रमबालसब रूपशीलगुणबृद्ध॥यदपिभरचोअवरोधपट पातुरपरमप्रसिद्ध ४२॥

नववय बालास्त्री सब हैं अवरोध अंतःपुरनाम (प्रवीणराय १ नवरंगराय २ विचित्रनयन ३ तानतरंग ४ रंगराय ५ रंग मूर्त्ति ६ षट्पातुरनाम) ४२॥

दो०॥ रायप्रबीणप्रबीणअति नवरंगरायसुवेष॥अति विचित्रनयनानिपुनि लोचनललितसुदेष ४३ सोहतसागररागकी तानतरंगतरंग॥ रंगरायरँगबलितगति रँगमूरतिअँगअंग ४४॥

रागके सागर की तरंगसी ताने, तरंग सोहतिहै ४४ ॥

दो० ॥ तंत्रीतुंबरुसारिका शुद्धसुरनसोंलीन ॥
देवसभासीदेखिये रायप्रवीनप्रवीन ४५ ॥

राय प्रवीणकी प्रकृष्ट अच्छी जो बीणाहै सो देवसभा सी सोहति है देवसभा कैसी है हेममें तंत्रनाम सिद्धांतकोहै तंत्र को जाननवाला तंत्री वृहस्पति है जहां तुंबरु गंधर्व है जहां सारिका अप्सरा सो शुद्ध अच्छे जे सुर देवता तासों लीनहै मिलीहै बीणा कैसी है तंत्री तार तुंबर तोंबा औ सारिका वा में घोड़ीलागतिहै औ सुर जे स्वर निषाद ऋषभ गांधार खरज मध्यम धैवत पंचम यासों युक्त है ४५ ॥

दो० ॥ सत्यारायप्रवीणयुत सुरतरुसुरतरुगेह ॥
इंद्रजीततासोंबंधे केशवदासहिदेह ४६ ॥

रायप्रवीणकैसीहै सत्याहै सांचीबात बोलतिहै जो ऐसो अर्थ करै सत्यासत्यभामा सरीखीराय प्रवीणहै तौ अधिक उपमा दोषहै हमारे किये कवि वल्लभमें स्पष्टहै फेरि कैसी है सुरत युक्त है सुन्दर जो रत रमनकाम क्रीड़ा तासों युक्त है वाको सुरतक्रीड़ा अच्छी आवैहै सुरतरुगेहको अर्थ तरको अर्थ श्रेष्ठ अच्छो जो स्वरानिषादआदि ताको गेहहै अच्छास्वर गावैहै ताहि प्रवीणराय सो इन्द्रजीत बँध्यो है आसक्त है तहां सन्देह करैहै महाविषयी है परमारथको नहीं पिछानैहै ताको उत्तर देतहैं केशवदासहि देह याकोअर्थ जाकोहि कहिये हृदयमन औ देह सबसों केशव जोहैं भगवान् तिनको दास है मनसों देहसों भगवान्की सेवाकरैहै यह अर्थ सत्यासत्यभामा कैसी है रायकहिये सरदार तिनमें प्रवीण जो श्रीकृष्ण तिनको जो सुरतप्रीति किंवा रमण कांतकरि युक्तहै किंवा सत्याकैसीहै प्रवीण विप्रराय सरदारहै औ सुरतरमन तासों युक्तहै सत्याराय प्रवीणयुत सुरत इतनेको अर्थ कियो रुक्मोंके

अर्थमें सुरतरु कल्पवृक्ष सो जाके गेहमेंहै फेरि सत्या कैसीहै केशवभगवान् इन्द्रको जीतिकै तासों वँधे हैं आसक्तभये हैं तहां सन्देह भक्तनपास भगवान् कोईनहीं एक सत्याही पास है तहां कहत हैं कि उनकी अचिंत्य शक्ति है दासके हियमें जाको गेहहै भक्तके हृदयमें सदा विराजतहैं ४६ ॥

दो० ॥ नरीकिन्नरीआसुरी सुरीरहतशिरनाय ॥
नवरसनवधाभक्तिसों राजतनवरँगराय ४७ ॥

ये सव जाको रूपदेखिकै शिरनाय रहतीहैं अर्थात् माथा नीचा करतीहैं नवरस नवीन जो रसनायक विषे रागभगवान् बिषे नवप्रकारकी भक्ति श्रवण १ कीर्त्तन २ स्मरण ३ चरणसेवन ४ अर्चन ५ बन्दन ६ दास्य ७ सख्य ८ आत्मानिवेदन ९ यह नवधा भक्ति ४७ ॥

दो० ॥ हावभावसंभावना दोलासमसुखदाय ॥
पियमनदेतिभुलायगति नवरँगनवरँगराय ४८ ॥

हाव जो स्त्रीको बिलास बिब्बोक आदि भाव जोहै क्रिया तासों जोहै संभावना आपनी शक्ति अर्थात् उत्कर्षको प्रकाश करनो मैं नायकके मनको हावही सों खैंचिलेउँगी कोई ऐसी क्रिया बिशेषकरौंगी जासों पियके मनको खैंचिलेउँगी तासों दोला झूलासमान सुखदानि है पियके मनको झुलायदेति है चंचल करति हैं कवहूं हावमें आवै है कवहूं भावमें कटाक्ष आदिमें आवतहै नवरंगराय नाचमें नवीनगति लेतिहै तासों किंवा नवगति नवीन है गति दशा तरह जाकी ऐसी तरह और में नहीं ४८ ॥

दो० ॥ भैरवयुतगौरीसँयुत सुरतरंगिनीलेखि ॥
चंद्रकलासीसोहिये नयनबिचित्रादेखि ४९ ॥

कोई कहत है चन्द्रमाकी कलासी नयनाविचित्रा सोहतिहै

सो तू देखि चन्द्रकला भैरव शिव तासों युक्तहै औ गौरीसों संयुक्तहै चन्द्ररेखाविभूषणा । दुर्गामें है पार्वतीके भी चन्द्रमा माथेमें है सुरतरंगिनी श्रीगंगाजी तासों भी युक्तजानो नयन विचित्रा केसीहै भैरवराग औ गौरीराग सों युक्तहै किंवा भैरवआदि जे दिनकेराग गौरीआदि जे रातिकेराग तासों युक्त है सुरतरंगिनी जानों सुरत जो रमन ताकी रंगिनी है सुरत में रंगकरे है किंवा सुर जो निषादआदि ताकी तरंगिनी नदी है ४६ ॥

दो० ॥ नयनवयनरातिसयनसम नयनविचित्रानाम ॥
जयनशीलपतिमैनमन सदाकरतिविश्राम ५० ॥

नयन विचित्रानाम जो पातुरिहै ताके नयन औ वचन सों रतिकेलिये जो सयनहै ताके समानहै वाके नेत्र देखत औ वचन सुनत रतिमें जो सुखहोतहै तैसो सुखहोतहै पतिरूप जो मदन ताको मन जीतिवेको आपने अधीन करिवेको शीलस्वभाव है जाको औ सदा पतिके मनमें वसैहै ५० ॥

दो० ॥ नागरिनागररागकी सागरतानतरंग ॥
पतिपूरणशशिदरशदिन वाढ़तितानतरंग ५१ ॥

नागरिप्रवीण जो नायका है ता विषे नागर अच्छेराग की सागरता है या विषे समुद्रपनो है किंवा तानागरि वे जो नागरि पिछले दोहा में कहीहैं नयन विचित्रा सुंदरराग की सागर है नत रंग नतकहिये नम्रतामें रंगकहिये राग यहचाह है जाको ऐसो गुण है तौभी नम्र है आपनी वड़ाई नहीं करति आपनी गति जो प्रतिष्ठा सोई पूरण शशि है ताको देखिकै जातिकै ताकी तान सोई तरंगहै सो वाढ़तिहै सूधो अर्थकिये पुनरुक्ति आवै रसाभासहोय नैयार्थदोष तौ कोईनहींछूटै ५१ ॥

दो० ॥ तानतानतरंगकी तनुतनुवेधतिप्रान ॥
कलाकुसुमशरशरनकी अतिअयानतनत्रान ५२ ॥

तानतरंग पातुरिकी जे तानैं हैं तनतन विषे सब के देह विषे प्राणको बेधति है किंबा तनुसूक्ष्म है तनुसूक्ष्म जो प्राण ताको तनुविषे बेधतिहै किंबा तनुसूक्ष्म जो प्राण ताको बेधत है कामके बाणकीकला चातुरीहै किधौं अति अज्ञान जे राग में कछु नहीं समुझैं ताके मनमें त्रानहै बचात्र है किंवा अति अयानता है सोई तनत्रान है जिरहहै ५२ ॥

दो० ॥ रंगरायकरआंगुरीसकलगुणनिकीमूरि ॥
लागतमूढ़मृदंगमुख शब्दरहतभरिपूरि ५३॥

मूढ़ जड़ ५३ ॥

दो० ॥ रंगरायकरमुरजमुख रँगमूरतिपदचारु ॥
मनोपढ्योहैसाथही सबसंगीतबिचारु ५४ ॥

मुरजमृदंग बजायबे की नाचिबेकी बड़ाई ५४ ॥

दो० ॥ अंगजितेसंगीतके गावतगुणीअनंत ॥ रँग मूरतिअँगअंगप्रति राजतमूरतिवंत ५५ नाचतिगावतिपढ़तिसब सबैबजावतबीन ॥ तिनमेंकरतिकवित्तइक रायप्रबीनप्रबीन ५६ ॥

अंगजिते स्पष्ट ५५ । ५६ ॥

दो० ॥ रायप्रबीनप्रबीनसों परबीननकोसुःख॥
अपरबीनकेशौंकहा परबीनानिमनदुःख ५७॥

प्रवीणराय जो प्रवीण निपुण है तासों प्रवीणनको सुख है अप्रबीण जे अज्ञानहैं राग में नहीं समुझैं तिनको कहा कछु नहीं किंवा अप्रवीणके आगे ऐसी सौ को अर्थ सैकराहोहि तो कहा कछुनहीं औ पर जो शत्रु पातुरिको नहीं चाहतहै औ बीनकहिये बीनाहै समुझवारहै तिनके मनमेंदुःखहै ॥ दो०॥ लघुगुरुगुरुलघुहोतहै निजइच्छाअनुसार ५७ ॥

दो० ॥ रतनाकरलालितसदा परमानंदहिलीन ॥
अमलकमलकमनीयकररमाकिरायप्रवीन ५८ ॥

रमा लक्ष्मीहै किंवा रायप्रवीण है लक्ष्मी कैसीहै रत्नाकर समुद्र तासों लालित समुद्रने जाको दुलाराकियोहै सदा अखण्डित परमानन्दहै जिनको ऐसे भगवान् तिनविषे लीन है मिली है वक्षस्स्थलमें रहति है अमल निर्मल कमल है जाको कमलानाम है याते फेरि कमनीय चारो जो मनोरथ ताकी करनवाली है किंवा सुन्दर है करजाको प्रवीणराय कैसी है रतनके आकर समूह ताको जिनने लाड़कियोहै सदा रतननिको आदरकियो है किंवा राजाने बहुत रत्नदेके लड़ाईहै परम आनन्द सों मिलीहै अमल जो कमल सो है कमनीय सुन्दर कराविषे जाके ५८ ॥

दो० ॥ रायप्रवीनकिशारदा शुचिरुचिरंजितअंग ॥
वीणापुस्तकधारिणी राजहंससुतसंग ५९ ॥

रायप्रवीणहै किंवा शारदा सरस्वती है रायप्रवीण कैसीहै शुचिपवित्रता किंवा शिंगार तासों भईहै जो रुचि कांति तासों रंजित शोभायुक्त अंगहै वीणाके भेद जामें लिख्योहै ऐसी जो पुस्तक संगीत शास्त्र ताको लिये है फेरि राजनि विषे जो हंस सूर्यसरीखो प्रताप करिके है ताकोसुत इन्द्राजित तिनके संगमें है शारदा कैसी है शुचि नाम सूर्यको है शुचि सप्ताश्ववाहनः नामस्तवराजमें है शुचिकीसी रुचि कांति तासों भूपित अंग है औ वीणा औ पुस्तक को लिये है राजहंस जो वाहनहै ताको सुत संगमेंहै जो सफ़ेदहोय चंचु औ पाँव लाल होय सो राजहंस ५९ ॥

दो० ॥ वृषभवाहिनीअंगउर वासुकिलसतप्रवीण ॥
शिवसँगसोहैसर्वदा शिवाकिरायप्रवीण६० ॥

शिवा भवानी है किंवा प्रवीण राय है शिवा कैसी है शिव के आधे अंगमें रहति है याते वृषभ बैल सोहै वाहन जाको काहूको संबोधन देके कवि कहत है हे अंग हे मित्र उरविषे वासुकि नाग लसतुहै औ प्रवीणहै शिवके अंगमें सर्वदा शोभति है राय प्रवीण कैसीहै वृषभ जो धर्म ताको लियेहै अंग विषे उर कहिये बहुत जाके वासुकि फूलकी माला है फेरिप्रवीण है उत्तम वीणा है जाके ६० ॥

दो० ॥ सबिताजूकबितादई ताकहँपरमप्रकास ॥
ताकेकाजकबिप्रिया कीन्हीकेशवदास ६१ ॥

इतिश्रीमद्विभूषणाबिभूषितायांकबिप्रियायांराजवंश
बर्णनंनामप्रथमप्रभावः १ ॥

सविता सूर्य नाम औ सहस्रनाम में भगवान्को नाम है मंगलाचरण में विष्णुको नाम गणेश अवतार ताकी स्तुति करी है ६१ ॥

इतिश्रीहरिचरणकृतायांकविप्रियाभरणाख्यायांकवि
प्रियाटीकायांप्रथमप्रभावव्याख्या १ ॥

दो० ॥ ब्रह्माजूकेचित्तते प्रगटभयेसनकादि ॥
उपजेतिनकेचित्तते सबसनौढियाआदि १ ॥

नामके आगे टेढ़ी लकीर यह दूसरे प्रभावकी टीका ॥

दो० ॥ परशुरामभृगुनन्दतब तिनकेपायँपखारि ॥
दयेबहत्तरिग्रामतब उत्तमविप्रविचारि २ जगपावन बैकुंठपति रामचन्द्रयहनाम ॥ मथुरामण्डलमेंदये तिन्हैंसातसैग्राम ३ सोमवंशयदुकुलसकल त्रिभुवन

पालनरेश ॥ फेरिदियेकलिकालरिपु तेईतिन्हैंसुदेश ४ कुम्भवारउद्देशकुल प्रकटेतिनकेवंश ॥ तिनकेदेवानन्द सुत उपजेकुलअवतंश ५ तिनकेसुतजयदेवजग थापे पृथ्वीराज॥तिनकेदिनकरसुकुलसुतप्रकटेपण्डितराज६ दिल्लीपतिअल्लावदी कीन्हींकृपाअपार ॥ तीरथगया समेतजिन अकरकरेवहुवार ७ गयागदाधरसुतभये तिनकेआनँदकन्द ॥ जयानंदतिनकेभये विद्यायुतजग वन्द ८ भयेत्रिविक्रममिश्रतव तिनकेपण्डितराय ॥ गोपाचलगढ़दुर्गपति तिनकेपूजेपाय ९ भावशर्मतिन-केभये तिनकेबुद्धिअपार ॥ भयेशिरोमणिमिश्रसुत षट दरशनअवतार १० मानसिंहसोंरोषकरि जिनजीती दिशिचारि ॥ग्रामवीसतिनकोदये रानापावँपखारि ११ तिनकेपुत्रप्रसिद्धजग कीन्हेंहरिहरनाथ ॥ सोपुरपति तजिऔरसों भूलिनवोल्यउहाथ १२ पुत्रभयेहरिनाथ के कृष्णदत्तशुभवेष ॥ सभाशाहसंग्रामकी जीतीगढ़ी अशेष १३ ॥

संग्राम शाहिके पण्डित तिनकी सभा गढ़गावँमें १३ ॥

दो० ॥ तिनकोवृत्तिपुराणकी दीन्हींराजारुद्र ॥ तिनकेकाशीनाथसुत सोभेबुद्धिसमुद्र १४ जिनकोमधुकर शाहनृप वहुतकरयोसनमान ॥ तिनकेसुतबलभद्रशुभ प्रकटेबुद्धिनिधान १५ बालहितेमधुशाहनृप जिनपै सुनैपुरान ॥ तिनकेसोदरद्वैभये केशवदासकल्यान १६ भाषाबोलिनजानई जिनकेकुलकेदास ॥ भाषाकविभो मन्दमति तिहिकुलकेशवदास १७ इन्द्रजीततासोंक-

ह्यो मांगनमध्यप्रयाग ॥ मांग्योसबादिनएकरस कीजै कृपासभाग १८ योहींकह्योजुबीरबर मांगिजुमनमेंहोय॥ मांग्योतवदरबारमें मोहिंनरोकैकोय १९ गुरुकरिमान्यो इन्द्रजित तनमनकृपाबिचारि ॥ ग्रामदयेइकवीसतव ताकेपायँपखारि २० इन्द्रजीतकेहेतपुनि राजारामसुजान॥ मान्योमन्त्रीमित्रके केशवदासप्रमान २१ ॥

इतिश्रीमद्विबिधभूषणभूषितायांकविप्रियायांकवि
वंशवर्णननामाद्वितीयप्रभावः २ ॥

अथ कवित्त दोष ॥

दो० ॥ समुझैबालाबालकन बरणनपन्थअगाध ॥
कविप्रियाकेशवकरी क्षमिहौकबिअपराध १॥

बाला स्त्री औ बालक नहीं समुझै बाला बालको यह भी पाठ है अगाध पंथको अज्ञानको समुझायो जो कविन को जानिबे की बात सो सबको समुझाई है यह अपराध किंवा लोग सब कविन की कवितामें दोष देहिंगे यह अपराध १ ॥

दो० ॥ अलंकारकवितानके सुनिसुनिबिबिधबिचार ॥
कविप्रियाकेशवकरी कविताकोशृंगार २ सगुणपदारथ अर्थयुत सुबरणमयशुभसाज ॥ कंठमालज्योंकविप्रिया कंठकरौकविराज ३ ॥

हे कविराज कंठमाला की तरह कविप्रियाको कंठकरो यामें भी श्लेष कंठमाला कैसी है सगुण पदार्थ है सगुणवस्तु है गुण डोरा जामें लाग्यो है दुर्लभ वस्तुको भाषामें पदार्थ कहत हैं सुबरणमय याको अर्थ बहुत सुवर्णमय अर्थ रत्न लीजिये बहुत सुवर्ण युत रत्नहै जामें अर्थ नाम अर्थको धन

को औ वस्तुको औ प्रयोजनको फेरि शुभसाज. सुंदर साजी बनाई है ।किंवा सुंदर जो भा कहिये नक्षत्र ताको सो साज है लक्षणा सो तरह लीजिये कविप्रिया कैसीहै गुण जो ओज प्रसाद माधुर्य ताहि सहित पद है अर्थ है जामें औ अर्थ युत है औ सुंदरवर्ण अक्षरमयहै औ फेरि शुभकल्याणको साजैहै सिद्धकरैहै पुराण वचन है । धर्मार्थकाममोक्षाणां प्राप्तिर्भवति काव्यतः ।काव्यते धर्म अर्थ मोक्षकी प्राप्ति होतिहै औ राजा जैसे कंठमालको कंठमें करैहै ऐसे कविप्रियाको कंठकरो यह भी अर्थ इहां कंठमाला रोगकी प्रतीति नहीं करावै है याते दोप नहीं ३ ॥

दो० ॥ चरणधरतचिंताकरत नींदनभावतशोर ॥
सुवरणकोशोधतफिरत कविव्यभिचारीचोर ४॥

कवि औ व्यभिचारी औ चोरकी समता करतहैं कविकवित्वके चरण व्यभिचारी स्त्रीके चरण औ चोर अपने चरण धरतके चिंताको करतुहै नींद शोर नहीं भावै सुंदरवर्ण अक्षर औ सुंदरहै वर्ण रंग जाको औ सुवरण सोना ताको खोजत फिरत हैं यह दोहा केतनिउँ पुस्तकनमें नहीं है अरु केतनिउँमें है ४ ॥

दो० ॥ राजतरंचनदोषयुत कवितावनितामित्र ॥
बुन्दकहालापरतज्यों गंगाघटअपवित्र ५ ॥

एक बुंद हाला मदिरा परै ५ ॥

दो० ॥ विप्रननेगीकीजिये मूढ़नकरियेमित्र ॥
प्रभुनकृतघ्नीचाहिये दोपनिसहितकवित्त६ ॥

ब्राह्मणको नेगी नहीं करिये नेगी कोई मामिलाको हवालदार नहीं करिये जो चोरिखाय तौ लेतके पेट चीरै ६ ॥

(अथ दोषनाम औ दोषलक्षण) दो० ॥ अंधव-धिरऔपंगुताजि नग्नमृतकमतिशुद्ध ॥ अंधविरोधीपंथ को बधिरसुशब्दविरुद्ध ७ छंदाविरोधीपंगुगति नग्नजुभू षणहीन ॥ मृतककहावैअर्थविनु केशवसुनहुप्रवीन ८ ॥

अथ पंथ विरोधी कविन के बांधे पंथपर नहीं चलै ८ ॥

(अथपंथविरोधीअंध) सवैया॥ कोमलकंजसेफूलिर हेकुचदेखतहीपतिचंदाबिमोहै । बानरसेचलचारुविलो चनकोथिरेचरुचिरोचनकोहै ॥ माखनसोमधुरोअधरामृ तकेशवकोउपमाकहुंटोहै । ठाढ़ीहैकामिनिदामिनिसीमृ गभामिनिसीगजगामिनिसोहै ९ ॥

कोमल कमलकी उपमा कविने नहींकही है कुच कठोर बरणतहैं औ कमलसों चन्द्रमाको मोहकोश्रा नेत्र गोलकको कहत हैं औ रोचन गोरोचन ताकी रुचिकांति तासों रचे हैं हे सखि सो कोहै कौनहै ९ ॥

(अथबधिरशब्दविरोधी) सवैया ॥ सिद्धशिरोमणिशं करसृष्टिसंघारतसाधुसमूहभरीहै । सुंदरमूरतिआतमभू तकीजारिधरीकमैंक्षारकरीहै ॥ शुभ्रविरूपविलोचनसोंम तिकेशवदासकेध्यानअरीहै । बंदतदेवअदेवसबैमुनिगो त्रसुताअरधंगधरीहै १० ॥

बन्दत देव अदेव याके अनुकूल शब्दनहीं है सिद्धि शि-रोमणि कहिकै साधुसमूह इत्यादि नहीं कह्यो चाहिये आतमभूत पुत्रकोनामहै काम कह्योचाहिये विरूप यह विशे-ष नहींचाहिये औ गोत्रपर्वतको नाम ताकी सुता पार्वती गो-त्रकी सुताकहे विरुद्धमति होतिहै ऐसे जानिये १० ॥

(अथछंदविरोधीपंगु) दो० ॥ तोलततूलरहैनज्यों कनकतुलातिलआधु ॥ त्योंहीछंदोभंगको सुनिनसकैअ तिसाधु ११ ॥

ज्यों कनककीतुला आधतिल अधिकहोय तौ तूल बरोबरि नहींरहै ११ ॥

(यथा) सवैया ॥ धीरजमोचनलोचनलोलबिलोकि कैलोककीलीकातिछूटी । फूटिगयेश्रुतिज्ञानकेकेशवआं खिअनेकविवेककीफूटी ॥ छोड़िदईसरितासबकाममनो रथकेरथकीगतिखूटी । त्योंनकरैकरतारउबारकज्योंचि तवैवहवारवधूटी १२ ॥

लोकलीकाति लोककी मर्यादा छोड़िदई सरिता सबकाम याकोअर्थ कामने सरिता तीरंदाजी छोड़िदीनी शरबानराखै सोशरी सखीसों सखी वचन है और पासजाने को मनोरथ इन्हैं नहीं रह्यो त्यों न करै करतार उबारक ज्यों चितवै वह वारवधूटी वह वारवधूटी वेस्याने ज्यों जाहितरह चितयो है तातरह करतार फेरि एकबारभी न करै वानेदेख्यो तासों इन- की यह दशाभईहै सात भगन सवैयामें चाहिये ताको निर्वाह नहीं है औ चौथीतुक नीकेनहीं १२ ॥

(अथ अलंकारहीननग्नवर्णनं) सवैया ॥ तोरितनी टकटोरिकपोलनिजोरिरहेकरत्योंनरहोगी । पानखवाय सुधाधरपानकै पायगहेतसहोनगहोंगी ॥ केशवचूकसवै सहिहौंमुखचूमिचलैयहपैनसहोंगी । कैमुखचूमनदैफि रिमोहिंकिआपनीधायसोंजायकहोंगी १३ ॥

इहां वचनरचना नहीं सूधी बोलतिहै चमत्काररूप भूषण

नहीं तनीतोरिबो कपोलटकटोरिबो हेतु याते करजोरिबो है सो हेतु मान हेतु अलंकारनिकरै है १३ ॥

(अथअर्थहीनमृतक) सवैया ॥ कालकमालकरील चुरीलतिशालबिशालतिचालचलीहै । हालबिहालति तालतमालप्रबालकमालकबाललली है ॥ लोलबिलो लकपोलअमोलकचोलकमोलकलोलकलीहै । बोलनि बोलकपोलनिटोलतिगोलनिगोलकलोलगलीहै १४ ॥

अथ मृतक जामें अर्थनहीं निकरै काल इत्यादि अनर्थक-तों पदको दोष है इन वाक्य समूहमें कह्यो १४ ॥

दो० ॥ अगननकीजैहीनरस अरुकेशवजतिभंग ॥
व्यर्थअपारथहीनक्रमकबिकुलतजोप्रसंग १५ ॥

पांच दोष पीछे कहे अंध १ बधिर २ पंगु ३ नग्न ४ मृतक ५ षटदोष फेरि कहत हैं अगन १ हीनरस२ जतिभंग३ व्यर्थ ४ अपार्थ ५ हीनक्रम ६ ये ग्यारहदोष १५ ॥

दो० ॥ बर्णप्रयोगनकर्णकटु सुनहुसकलकबिराज ॥
सबैअर्थपुनरुक्तिके छाड़हुसिगरेसाज १६ ॥

फेरि सात दोष कहत हैं कर्णकटु १ पुनरुक्ति २ देशबिरोध ३ कालबिरोध ४ लोकबिरोध ५ न्यायबिरोध ६ आगम बिरोध ७ ये ग्यारह पीछे सात ये अठारह दोष जानिये कर्ण कटु जो कानको उत्कटलागै ताको प्रयोग जोहै सो न वर्णतिवर्णनकरै औशब्द पुनरुक्ति औ अर्थ पुनरुक्ति १६ ॥

दो० ॥ देशबिरोधनबर्णिये कालबिरोधनिहारि ॥
लोकन्यायआगमनके तजौबिरोधबिचारि १७ ॥

न्यायनीति आगमशास्त्र १७ ॥

(अथगनअगनबर्णन) दो० ॥ केशवगनशुभसर्वदा

अगनअशुभउरआनि ॥ चारिचारिविधिचारुमति गन अरुअगनवखानि १८ ॥

शुभगन मगन आदि चारिविधिके सर्वदा अच्छेहैं अगन जो अनिष्टगन जगनआदि चारिविधिके ताको उर हृदय में अशुभ आनों हे चारुमति सुबुद्धि गनको अर्थ अच्छा औअ-शुभगन वखानों जहां चारि अक्षर पंचअक्षर के छंद हैं तहां मगनआदि शुभगनधरिये औ रगन सगन शत्रुहैं ताके आगे मित्रगनआवै ताको फलाफल नहीं कह्योहै तहां बड़े छंद में भी रगनसगन आदिमें नहीं धरिये मगनआगे मगन नगन आगे नगन भगन आगे भगन यगन आगे यगन छः अक्षर में विचारिकै धरिये छः अक्षरसों आगे विचार नहीं औ देव-तावाचक कल्याणवाचक शब्दमें तौ गनकोविचार औ शुभ अशुभ अक्षरको विचार नहीं इनते और ठौर मानुषी कवि-त्तमें द्विगुन विचारिये १८ ॥

दो० ॥ मगननगनभानिभगणअरुयगनसदाशुभजानि ॥ जगनरगनअरुसगनसुनि तगनहिअशुभबखानि १९ ॥

चारि शुभ चारि अशुभ १९ ॥

दो० ॥ मगनात्रिगुरुयुतात्रिलघुमय केशवनगनप्रमान ॥ भगनआदिगुरुआदिलघु यगनवखानिसुजान २० ॥

तीनि जामें गुरुहोयँ सो मगन और स्पष्टहै २० ॥

दो० ॥ जगनमध्यगुरुजानिये रगनमध्यलघुहोय ॥ सगनअंतगुरुअंतलघुतगनकहैसबकोय २१ ॥

ऐसै जानिये २१ ॥

दो० ॥ आठोगनकेदेवता अरुगुणदोषविचार ॥ छंदोग्रंथनिमेंकह्यो तिनकोवहुविस्तार २२ ॥

मही आदि २२ ॥

(अथगनदेवता) दो० ॥ महीदेवतामगनकी नाक नगनकोदेखि ॥ जलजियजानहुयगनको चंदभगनको लेखि २३ ॥

मही पृथ्वी २३ ॥

दो० ॥ सूरजजानहुजगनको रगनशिखीमयमान ॥
बायुसमुझियेसगनको तगनअकाशबखान२४॥

सगनको वायुदेवता कहूं कालदेवता कहतहैं २४ ॥

(अथगनमित्रामित्र) दो० ॥ मगननगनकोमित्रग नियगनभगनकोदास ॥ उदासीनजतजानिये रंसरिपु केशवदास २५ ॥

रसको अर्थ रगन सगन २५ ॥

(अथगनागनफलाफल)छप्पै॥भूमिभूरिसुखदेयनी रनितआनंदकारी। आगिअंगदिनदहैसूरसुखसोखैभा री॥ केशवअफलअकाशबायुकिलदेशउदासै।मंगलचं दअनेकनाकबहुबुद्धिप्रकासै ॥ यहिविधिकवित्तसवजा नियहुकर्त्ताअरुजाकेकरै । तजिप्रबंधसबदोषगनसदा शुभाशुभफलधरै २६ ॥

भूमि बहुत किल निश्चय जैसे गनको नाम कह्योहै ताही क्रमसों फलकह्यो चाहिये सो इहां नहींहै प्रबंध में दोपनहीं है देवता वर्णनमें दोष नहीं २६ ॥

(अथद्विगन) दो० ॥ जोकहुंआदिकवित्तकेअ- गनहोयबड़भाग ॥ तातेद्विगनविचारचितकीन्होवासु- किनाग २७॥

अथ द्विगन विचार चाहिये तौ मगन इत्यादि के आगे मगन इत्यादि धरै जो आदि में अगन आवै तौ वाके आगे दूसरोगन अच्छोधरै मित्र आगे मित्र धरै किंवा दास आगे मित्रधरैं जगन तगन अशुभ गनहैं औ उदास हैं कहूं कवित्त के आदि में आवै तौ ताके आगे यगन भगन दास है ताको धरै तौ जगन तगनको दोष मिटिजाय प्रभुताहोय औ द्विगन जे शुभकहेहैं ते शुभहीहैं ऐसे और भी विचारि लीजिये२७॥

दो० ॥ मगननगनकोमित्रगन यगनभगनानितदास ॥
उदासीनजतजानिये रसरिपुकेशवदास २८॥

कवित्त ॥ मित्रतेजुहोयमित्रबाढ़ैबहुबुद्धिरिद्धिमित्रतेजु दासत्रासयुद्धतेनजानिये । मित्रतेउदासगनहोतगोतदुःखदौमित्रतेजुशत्रुहोयमित्रबंधुहानिये ॥ दासतेजोमित्र गनकाजसिद्धिकेशवदासदासतेजो दासवशजीवसनमानिये । दासतेउदासहोतधननासआसपासदासतेजो शत्रुमित्रशत्रुसोवखानिये २९॥

कवित्त ॥जानियेउदासतेजोमित्रगनतुच्छफलप्रकट उदासतैजोदासप्रभुताइये । होइजोउदासतैउदासतौन फलाफलजोउदासहीतेशत्रुतोनसुखपाइये ॥ शत्रुतेजो मित्रगनताहिसोअफलगनशत्रुतेजो दासआशुवनिता नशाइये।शत्रुतेउदासकुलनाशहोयकेशवदासशत्रुतेजो शत्रुनाशनायककोगाइये ३० ॥

इहां गन कथन अप्रस्तुतईहै पिंगल में चाहिये ३० ॥

(गनागनकोउदाहरण)दो०॥राधाराधारमनकेमनपठयोहैसाथ ॥ उद्धवह्यांतुमकौनसोंकहायोगकीगाथ३१ ॥

राधा इति राधाने राधारमण श्रीकृष्ण तिनके साथ मनको पठायो है ३१ ॥

दो० ॥ कहौंकहांतुमपाहुने प्राणनाथकेमित्त ॥
फिरिपीछेपछितातहुगेउद्धवसमुझौचित्त ३२ ॥

कहाकहौं कहिबे मुआफिक नहीं कंसकी दासी कुबरी तासों आसक्तभये हैं ऐसी बात अपने मित्रकी सुनिकै पछितातहुगे मैं क्यों उपदेश करि निंदाकराई मित्रकी दोऊ दोहामें आठौगनआये कहूं एकगन दोयबारभी आयेहै ३२॥

दो० ॥ दोहादुहूंउदाहरण आठौंआठौंपाय ॥
केशवगनअरुअगनके समुझौबुद्धिसुभाय ३३ ॥

आठो चरण में ३३ ॥

(अथगुरुलघुभेद) दो० ॥ संयोगीकिआदियुत बिंदुजुदीरघहोय ॥ सोईगुरुलघुऔरसबकहैसुकबिसुनि लोय ३४ ॥

संयोगीके आदि गुरु जानिये बिंदुः अनुस्वार विसर्ग तासोंयुत गुरु जानिये ३४ ॥

दो० ॥ दीरघहूलघुकरिपढ़ै सुखहीमुखजिहिठौर ॥
सोईगुरुलघुऔरसबकहैंसुकबिशिरमौर ३५ ॥

दीरघभी लघुकरि पढ़े लघु होतहै सोवाही तरहसों लघुभी चरणके अंतमें गुरु होतहै औरसब जे कविशिरोमणि हैं ते कहतहैं ३५ ॥

(यथा)सवैया ॥ पहिलेसुखदैसबहीकोसखीहरिहीहि तकैजुहरीमतिमीठी । दूजेलैजीवनमूरअक्रूरगयोअंग अंगलगायअंगीठी ॥ अबधौंक्यहिकारणयेउठिधायेहैं

उद्धवलेकरभूंठिवसीठी। माथुरलोगनकेसंगकीयहवैठ-कतोहिंअजौंनउवीठी ३६ ॥

पहिले सुखदे हे सखि हरिने हमारी मीठी अर्थात् आछी मतिको हरी अंगीठीसी गढ़ी पूरव में वोरसी कहत हैं वसीठीहू तपना पहिलीतुक तीसरीतुक पचीस पचीस आखरकी हैं आठ सगन दोयगुरुहोय सोसुखदा सवैयाको सखी इहांरगन आयो दूसरी चोथी तुक तेईसतेईस आखरकी हैं तहां सात भगन दोय गुरु अंतमें चाहिये दूजेलै इहां सगण आयो औ सुखदा इहांको शंकर कर्यो नहीं है अक्रूर इहां अकार उद्धव इहां उकार संयोगीकी आदिहै गुरु जानिये एक अंगको लघु पढ़्योदूसरोअंग अनुस्वार सहितहैगुरुपढ़्योऐसे विचारिये ३६ ॥

दो० ॥ संयोगीकीआदियुत कवहुंकवर्णविचारि ॥
केशवदासप्रकाशवश लघुकरितांहिनिहारि ३७ ॥

संयोगीकी आदिसोंकहूं लघुवर्ण युक्तहोय ताको छंदके लिये लघु पढ़िलीजिये ३७ ॥

दो० ॥ अमलजुन्हाईचंद्रमुखि ठाढ़ीभईअन्हाय ॥
सौतनकेमुखकमलज्यों देखिगयेमुरझाय ३८ ॥

जुन्हाई इहां नकार हकारको संयोगहै जुको लघु पढ़्यो ऐसे अन्हाय कमल ज्यों जानिये चंद्रमुख है याते सौतिनके मुख कमल कुम्हिलाने ३८ ॥

(अथहीनरसवर्णनं)दो०॥वर्णतकेशवदासरसजहांविरसह्वैजाय॥ताकवित्तसोंहीनरसकहतसवैकविराय ३९ ॥

जहां कोईकी उक्तिकरिविरस होय ३९ ॥

(रसिकप्रिया) सवैया॥ दैदधिदीन्होउधारहोकेशवदानकहाअरुमोललैखैहैं। दीन्हेविनातौगईजुगईनगईनग

ईघरहीफिरिजैहैं। गोहितबैरकियेहितहोकवबैरकियेवर नीकेह्वैरैहैं। बैरकैगोरसबेंचहुगीअहोवेंच्योनवेंच्योतोढा रनदैहैं ४० ॥

यह कवित्त रसिकप्रियामें दुःसन्धानको उदाहरण है एक अनुकूल बोलै एकप्रतिकूल बोले सो दुःसन्धान जहां दोऊ प्रतिकूल बोलैंसो हीनरस नायक बोल्योहै देदधि नायका वचन कहाहमैं उधार दीन्होंहै तब नायक बोल्यो दान जगाति नायकावचन तुमदही छीनिकै खाहुगे और कहा मोल लैखाहुगे अवताईं दीन्हेबिना तुमगई सोतो गई किंवा मैंगई करी अर्थात् क्षमाकरी अबतो लैकर जांनदेहिंगे यह फलितार्थ नायक वचन गोहित बैरकियो नायकावचन हितहो कबबैराकियो वरनीके ह्वैरैहैंरहैंगी तब नायक रोषकरि प्रतिकूल बोल्यो हमसों बैरकरि अहो अहीरी गोरस बेंचहुगी तब नायका प्रतिकूलबोली जो न बेंच्यो तों ढारिभीं तौ न देहिंगी ऐसे लगाये चौथीतुकमें बिरसभयो ४० ॥

(अथजतिभंग) दो० ॥ औरचरणकेवरणजहं औरचरणसोंलीन ॥ सोजतिभंगकबित्तकहि केशवदा सप्रवीन ४१ ॥

और चरणके वरण और मात्रा और चरण सों मिलीहोय सो जानिये ४१ ॥

दो० ॥ हरहरिकेशवमदनमोहन घनश्यामसुजान ॥
ज्योंब्रजबासीद्वारिका नाथरटतदिनमान ४२ ॥

पहिले छः मात्रा फेरि चारिमात्रा फेरि तीनिमात्रा चाहिये आधे दोहामें चौबीसमात्रा हैं मदनमोहन इहां चौथीमात्रा पांचइं मात्रासों मिली है आगे तीनमात्राकी ठौर दोय

मात्राहू ज्यों जैसे ब्रजवासी रटतहैं तैसे द्वारकामें नाथ यहि नामको लोग रटतहैं यह मानों ४२ ॥

अथव्यर्थ दो० ॥ एककवित्तप्रबंधमेंअर्थविरोधजुहोय ॥ पूरबपरअनमिलसदा व्यर्थकहैसबकोय ४३ ॥

एक कवित्तमें और एक प्रबन्धमें पहिले ग्रन्थमें कछु और कह्यो वासों विरोधपरै ऐसीबात फेरिकही औ पूर्वपरको अर्थ नहींमिलै ४३ ॥

अथछंदमरहट्टा ॥ सबशत्रुसंहारहुजीवनमारहुसाजियोधाउमराव । बहुबसुमतिलीजैमोमतिकीजैदीजैआपनदाव । कोउनरिपुतेरोसबजनहेरोतुमकहियतुअतिसाधु।कछुदेहुमँगावहुभूखभगावहुहौपुनिधनीअगाधु४४॥

सब शत्रु संहारहु याको विरोधी जीव न मारहु जीवमारे विना संहार नहींहोय अनमिलसजि योधा उमराव योधा उमरावको साजो फौज तय्यारकरौ तब शत्रुको मारौ ऐसेहोय तब अर्थको मेल सो नहीं है याते अनमिल पहिले चाहिये हमारो मतकरौ शत्रुनको आपने करिकै दावँ दगादेहु तब उनकी बहुत बसुमती पृथ्वीलेउ तुम्हैं अतिसाधु कहियेहै जगत में देखो कोई तुम्हारो रिपुनहीं ऐसे चाहिये तुम अगाधधनी हौ कछु मँगावो हमेंदेहु हमारी भूख भगावो ४४ ॥

(अपार्थलक्षण) दो० ॥ अर्थनजाकोसमुझिये ताहिअपारथजानि ॥ मतवारोउनमत्तशिशु केसेवचनबखानि ४५ ॥

अर्थइति अपार्थ गयो अर्थजाको सो अपारथ मतवारा मदिरादिकसों उन्मत्त वायु भूतसों शिशुबालकेसे वचन जहां बखानिये कहिये सो अपार्थ ४५ ॥

दो० ॥ पियेलेतनरासिंधुकहँ हैअतिसज्वरदेह ॥
ऐरावतहरिभावतो देख्योगर्जतमेह ४६ ॥

हे नर तू सिंधुको पियेलेत है तेरी देह अतिसज्वर सहित है हरि इंद्र ताको भावतो प्रिय ऐरावत हाथी तापर मेहको गर्जत देख्यो इहां उन्मत्त केसे वचन हैं ४६ ॥

(अथक्रमहीन) दो० ॥ क्रमहींगुणनिबखानिकै गुणीगनैक्रमहीन ॥ सोकहियेक्रमहीनजग केशवदासप्रवीन ४७ ॥

क्रमसों गुननिको कहै तिन गुणीनकी वह क्रियाहोय ताकी गणनामें क्रम नहीं रहै ४७ ॥

तोटकछं० ॥ जगकीरचनाकहिकौनकरी । किहिराखनकीजियपैजधरी ॥ अतिकोपिकैकौनसँहारकरै । हरिजूहरजूबिधिबुद्धिररै ४८ ॥

कौनने राखिबेकी पैज प्रतिज्ञाकरी विधि हरिहर ऐसे चाहिये गुणीविषे क्रम नहीं है ४८ ॥

(अथकटुकर्णप्रयोग) दो० ॥ कहतननीकोलागई सोकहियेकटुकर्ण ॥ केशवदासकवित्तमें भूलिनताको बर्ण ४९ ॥

कहतके अर्थ औ सुनतके जो अक्षर नीको न लागै शृंगार में टवर्ग आदि सो कटुकहावै ताको वर्णन मतिकरौ अर्थ को उदाहरण दियोहै अक्षर को नहीं ४९ ॥

दो० ॥ बारनबन्योबनावतन सुवरणवलीबिशाल ॥
चढ़ियेराजमँगायकै मानौंराजतकाल ५० ॥

वारन हाथी तन शरीरके वनावसों वन्योहे शरीर बहुत सुंदर लागैहै वारनविषे कालकी संभावना नीकी नाहीं ला-

गो इहां अर्थ दोषहै जो वाकी पर्याय और शब्द कहिये दोष नहीं मिटै सो अर्थ दोष शब्द के फेरे दोष मिटै सो शब्द दोष ५० ॥

(अथपनरुक्ति) दो० ॥ एकबारकहियेकछू वहुरिजुक हियसाय॥अर्थहोयकैशब्दअव सुनिपुनरुक्तिसुहोय ५१

एकवार इति अर्थ किंवा शब्द ५१ ॥

सो० ॥ मघवाघनआरूढ़ इन्द्रआजुअतिसोहिये ॥ व्रजपरकोप्योमूढ़ मेघदशौदिशिदेखिये ५२ ॥

मघवा घन इंद्र सो घन मेघपर आरूढ़ चढ़्योहै तासों इंद्र शोभैहै मघवाघन आरूढ़ सुतौ आजु अति सोहिये ऐसो चाहिये मघवा इंद्र घन मेघ इहां अर्थ पुनरुक्तिहै शब्द पुनरुक्ति जानिलीजिये जलमें मेघको प्रतिविंव परयो तासों दशौदिशा कही है ५२ ॥

दो० ॥ दोषनहींपुनरुक्तिको एककहतकविराज ॥ छौड़िअर्थपुनरुक्तिको शब्दकहौइतिसाज ५३ ॥

एकहीं अर्थ के शब्दसों जहां कहै अर्थ की पुनरुक्ति को छांड़े या साज ऐसीतरह शब्दको कहो ५३ ॥

दो० ॥ लोचनपैनेशरनते हैकछुतोकहँसुद्धि ॥ तन वेध्योवेध्योसुमन वेधीमनकीवुद्धि ५४ ॥

सखी वचन नायकासों तनको मनको वेध्यो शब्दसों कह्यो दोष नहीं ५४ ॥

(अथदेशविरोध) दो० ॥ मलयानिलमनहरतहठि सुखदनर्मदाकूल ॥ सुवनसघनघनसारमय तरवरतर लसुफूल ५५ ॥

नर्मदाके तटमें जो मलयको पर्वत ताको जो अनिलपवन सो मनको जोरावरीसों हरै है पवनसों तरल चंचल जे तरवर वृक्ष ते घनसार कपूरमय हैं नर्मदाके तीरमें मलय चंदन पवन नहीं है औ जहां चंदन है तहां कपूर नहीं कपूर तौ कदली बनमें बरणतहैं याते देश बिरोध ५५ ॥

दो० ॥ मरुसुदेशमोहनमहा देखहुसकलसभाग ॥
अमलकमलकुलकलितजहँ पूरणसलिलतड़ाग ५६॥

मारवाड़में सलिल जलसों पूरण तलाव भरेहैं अमलकमलकुल सों युक्त हैं मरुको अर्थ जहां जल बिन मरै सो मरु कहावै तहां तड़ाग कमल कुल बरणौं याते देश बिरोध ५६ ॥

(अथकालबिरोध) दो०॥ प्रफुलितनवनीरजरजनि बासरकुमुदबिशाल ॥ कोकिलशरदमयूरमधु बरषामुदितमराल ५७॥

रजनी रातिमें कमल फूलै यह कालबिरोध और स्पष्ट ५७॥

(अथकालबिरोध लोकबिरोध) दो० ॥ स्थाईवीर शिंगारके करुणाघृणाप्रमान ॥ ताराअरुमंदोदरी कहतसतीसममान ५८ ॥

जाहि बारमें बीररस उपजैहै ताहि कालमें करुणा स्थाई बरणौं तौ उत्साह स्थाई जातोरहै वीर रस नहीं होय जैसे अर्जुनको भारतके समय आरंभमें औ शृंगारमें घृणा ग्लानि बरणैं तौ वा कालमें शृंगार जातोरहै यह प्रमाण है तारा सुग्रीवकी स्त्री बालिने लीन्हीं औ कितने रावणभयेहैं मंदोदरी एकहीहै ताको सती पतिव्रतासमान कहनो लोकविरुद्ध है ५८॥

(अथन्यायआगमाविरोध) दो० ॥ पूजैतीनौंवर्णजग करिविप्रनसोंभेद ॥ पुनिलीबोउपवीतहम पढ़िलीजै सबबेद ५९ ॥

विप्रनिको भिन्नकरिकै तीनि वर्णको पूजै विप्रको कहापूजै तीनि वर्णको पूजै जगतमें यह नीति विरोध किंवा नीतिवर्णी विप्रनिको भेदकरिकै पूजै फलाने कुल के ब्राह्मणको मति पूजो फलाने कुल के ब्राह्मणको पूजो ब्राह्मण सव पूज्यहैं यह नीति विरोध पहिले वेद पढ़ै पीछे जनेऊ लेय यह शास्त्र विरोध दोऊमें भेद थोरोई है शत्रुको विश्वास करौ ऐसे नीति विरोध चाहिये शास्त्रसों वहुत विरोध न होय व्यवहारसों मुख्य विरोध होय सो नीति विरोध ५९ ॥

दो० ॥ इहिविधिऔरौजानियहु कविकुलसकलबिरोध ॥ केशवकहेकछूकअव मूढ़निकेअनुरोध ६० ॥

इतिश्रीमद्विविधभूषणभूषितायांकविप्रियायांकवित्त दूषणवर्णननामतृतीयप्रभावः ३ ॥

विरोध तौ कवि कुल जानहिंगे प्रसिद्ध है इहां मैं मूढ़नि के अनुरोध चाहसों कछु कह्योहै कहूं पाठ अवरोध है मूढ़की मति याते नहीं पैठिसकै ६० ॥

इतिहरिचरणदासकृतायांकविप्रियाभरणाख्यायांकविप्रियाटीकायांतृतीयप्रभावव्याख्या ३ ॥

(अथकविभेदवर्णन) दो० ॥ केशवतीनिहुँलोकमें त्रिविधकविनकेराय ॥ मतिपुनितीनिप्रकारकी वरणत सवसुखपाय १ ॥

कविन के राय सरदार हैं ते कवि तीनप्रकार के औ मति तीन प्रकार की १ ॥

दो० ॥ उत्तममध्यमअधमकवि उत्तमहरिरसलीन ॥ मध्यममानतमानुषनि दोषनिअधमप्रवीन २ ॥

मानस मानत याको अर्थ जो मनहीं को मानै जैसो मन में आवै तैसो बरणै सो मध्यम किंवा मनुष्यको मानै मनुष्य को बरणैं जो दोष बरणैं सो अधम २ ॥

(यथा) सवैया ॥ जोअतिउत्तमतेपुरुषारथजेपरमारथकेपथसोहैं । केशवदासअनुत्तमतेनरसंततस्वारथ संयुतजोहैं ॥ स्वारथहूपरमारथभोगनमध्यमलोगनिके मनमोहैं । भारथपारथमित्रकरयोपरमारथस्वारथहीन तेकोहैं ३ ॥

कोऊ भगवान्को भजन करैहै औ संसारको भी कारज करैहै सो औरन सों उत्तमहै जे भगवान्के रसहीमें लीन हैं तिन्हैं फेरि अतिउत्तम करि कहतहैं जो स्वारथ सों मिल्यो सो पुरुष जो भगवान् तिनके अर्थ तिनके लिये परमारथ परम श्रेष्ठ ऐसी जो मुक्ति ताके पंथमें शोभतहैं जो स्वारथ सों मिल्यो सो अनुत्तम कहिये मध्यम जैसो आपने मनमें आवै तैसोई बरणत हैं स्वारथ भी नहीं परमारथ भी नहीं मध्यम लोग नीचलोग मध्यम भाषामें नीचको भी कहत हैं ताको काहूकी निन्दाकरि राजी करंतहैं सो अधम कहिवेकोहैं ताको लक्षण कहत हैं भारथमें पारथ अर्जुन तिनको मित्र श्रीकृष्ण ने करयो है स्वारथभी नहींसाधैं परायेकी निन्दाहीकरैं वे पुरुष कौनहैं नहींजानिपरै अधमाधम हैं ३ ॥

(अथकबिरीतिबर्णन) दो० ॥ सांचीबातनबरणहीं झूठीबरणैंबानि ॥ एकनिबरणैंनियमकै कबिमतित्रिबिधबखानि ४ ॥

सांची वातानिको वरणत हैं औ झूठीवात वरणिवे की वानिहे औ एकको नियमकरि वरणतहैं जहां जौनको वरणैं तहां त्रिविध वरणतहैं ४ ॥

(सत्यवर्णन) दो० ॥ केशवदासप्रकासवश चन्दन केफलफूल ॥ कृष्णपक्षकीजोह्नज्यों शुक्लपक्षतमतूल ५ ॥

चन्दनके फूल फल सांचहैं औ प्रकाश केवशकरि प्रकाश की अपेक्षाकरिकै जितनी कृष्णपक्षमें चांदनी है ताहीकी वरोवरि शुक्लपक्ष में अन्धकार हैं यह सत्यहै किंवा प्रकाशवश जो चन्दनके फूल फल न होयँ तौ चन्दनको प्रकाश उत्पत्ति कहांसों होय ५ ॥

(झूठवर्णन)दो० ॥ जहँजहँवरणतासिंधुसब तहँतहँ रत्ननिलेषि ॥ सूक्षमसरवरहूकहैं केशवहंसबिशेषि ६ ॥

जहँ जहँ इति स्पष्ट ६ ॥

दो० ॥ लेनकहैभरिमूठितम सूजनिसियनिवनाय ॥ अंजुलिभरिपीवनकहै चन्द्रचन्द्रिकापाय ७ ॥

तम अन्धकार सुईसोंवनाय अच्छीतरह सियोंजाय औ कवि जो नेम यमसों वरणत हैं सो आगे कहैंगे ७ ॥

दो० ॥ सबकेकहतउदाहरण वाढ़ैग्रंथअपार ॥ कहूं कहूंतातेकह्यो कविकुलचतुरविचार ८ ॥

(तमकोउदाहरण) कवित्त ॥ कंटकनअटकैनफाटत चरणचापिवाततेनजातउडिअंगनउघारिये । नेकहूंन भीजतमुशलधारवरषत कीचनरचतरंचचित्तमेंविचारिये ॥ केशौदाससावकासपरमप्रकासनउसारियेपसारियेनपियपैविसारिये । चालियेजूओढ़िपटतमहींकोगाढ़ो तनपातरोपिछौराश्वेतपाटकोउतारिये ९ ॥

सावकास याको अर्थ या पटको कोई रोकनवाला नहीं जहां जाइ तहांहीं श्वेत पिछौरा है काहूकी नजरिमें आवेगो याते सखी उतरावै है और पोशाक श्यामहै जानिपरैहै बड़ो जाको प्रकाश पसरिबोहै याते तमकोपट ओढ़िचलिये ९ ॥

(चन्द्रिकाकोउदाहरण)कवित्त॥ भूषणसकलघनसारहीकेघनश्यामकुसुमकलितकेशरहीछबिछाईसी । मोतिनकीलरीशिरकंठकंठमालहार औररूपज्योतिजातहेरतहिराईसी ॥ चन्दनचढ़ायेचारुसुन्दरशरीरसवराखीशुभशोभासबबसनबसाईसी । शारदासीदेखियतदेखोजायकेशौरायठाढ़ीवहकुवँरिजुह्नाईमेंअह्नाईसी १० ॥

भूषण इति मिथ्या वर्णनकेलिये घनसारहीके भूषण घनसारहीके बनाये फूल तासों कलित युक्तकेश औ मोतिनकी लरी शिरपै मोतिनकी लरी आदि और भी जे भूषण हैं ते सब अंगके रूपकी ज्योतिमें हेरतकै निहारतकै हिराई सो होतिहै भूषणकी ज्योति नजरि नहींआवै चन्दनको वस्त्र बतायो सो झूंठ औ चांदनीमें स्नान १० ॥

(अथकबिनियम) दो० ॥ बरणतचन्दनमलयहीहिमगिरिहीभुजंपात ॥ बरणतदेवनचरणते शिरतेमानुषगात ११ ॥

काश्मीर देशमें भोजपत्र सों घरछावतेहैं तौभी हिमालयहीमें बरणतेहैं ऐसे नियम जानिये ११ ॥

दो० ॥ अतिलज्जायुतकुलवधू गणिकागतिनिर्लज्ज ॥ कुलटनिसोंकोबिदकहत अंगअलज्जसलज्ज १२

अति इति स्पष्ट १२ ॥

दो० ॥ बरणतनारीनरनते लाजचौगुनीचित्त ॥ भै

रुद्रिगुणसाहसकेगुण कामश्राठगुणमित्त १३ कोकिलकोकवोलिवो वरणतहँमधुमास ॥ वरषाहीहरषितकहे कैकीकेशवदास १४ दनुजानिसोंदितिसुतनिसों असुरकहतवखानि ॥ ईशशीशशशिवृद्धिको वर्णतबालवखानि १५ ॥

वरणन वकोकिल इति स्पष्ट १३ । १४ ॥

दनुज कश्यपकी स्त्री तासों उपजै सो दानव औ दितिसों उपजै सो दैत्य वृद्धिहूकी तिथिमें महादेवके माथेमें चंद्रमाहै ताको वाल कहत हैं कहूं वृद्ध ऐसो पाठ है तहां वृद्ध वहुत काल के शशिको बालक कहतहैं १५ ॥

दो० ॥ सहजशृँगारतसुंदरी यद्यपिशृँगारअपार ॥ तदपिवखानतसकलकवि सोरहईशृंगार १६ ॥

सहज इति स्पष्ट १६ ॥

(सोरहशृंगार)क०॥प्रथमसकलशुचि १ मज्जन २ अमलवास ३ जावक ४ सुदेशकेश पासनिसुधारिवो ५ अंगराग ६ भूषण ७ विविधसुखवास ८ राग ९ कज्जल १० कलितलोललोचननिहारिवो ११ वोलनि १२ हँसनि १३ चितचातुरी १४ चलनिचारु १५ पलपल प्रतिपतिव्रतप्रतिपारिवो १६ केशौदाससविलासकरहु कुवँरिराधे इहिविधिसोरहशृँगारनिशृँगारिवो १७ ॥

सकल शुचिस्नान आदि १ मज्जन उवटना २ अमल वस्त्र ३ जावक ४ केशकी रचना ५ अंगराग केशरि आदि ६ औ भूषण अनेक तरह के ७ मुखवास पान लवंग आदि ८ राग मेंहदी औ दाँत ओंठको रंगिवो ९ औ कज्जल १० औ चंचल नेत्रनिसों देखिवो ११ बोलनि रसीली १२ औ

हँसनि १३ औ चित्तकी चतुराई १४ औ चारु चलनि १५ औ पतिव्रता के धर्म को पालन करनो १६ परकीयाके प्रेम को प्रतिपालन करनो परकीयाको लक्षण बहुत ग्रंथन में है आपने पतिसों रति नहीं परपतिहीसों रति सो परकीया औ जो पतिसों औ उपपतिसों समान प्रेमहोय सोतौसामान्या १७

दो० ॥ कुलटाकोपतिप्रेमवश वारवधुनकोदान ॥
जाहिदईपितुमातुसो कुलजाकोपतिमान १८ ॥

कुलटाको और वारवधूको पतिको नियम नहीं कोई नायक जो प्रेमसों वशहोय तौ वाको लोग कुलटाके पति और वारवधूके पति कहत हैं किंवा कुलटाको कौन ऐसो पति है जो प्रेमसों वशहोय वो तौ अनेक घरफिरै और वारवधूके ऐसे जानों यह दोहा बहुत पुस्तकनमें नहीं है १८ ॥

दो० ॥ महापुरुषकोप्रगटही वरणतवृषभसमान ॥
दीपथम्भगिरिगजकलश सागरसिंहप्रमान १९ ॥

बड़े आदमीको वृषभ आदि कहत हैं १९ ॥

(यथा) कवित्त ॥ गुणिमणिवैरागरधीरजकोसागर उजागरधवलधरिधर्मधुरधायेजू । खलतरुतोरिवेकोरा जैगजराजसमअरिगजराजनिको सिंहसमगायेजू ॥ वा लिनकोवासदेवकामिनकोवासदेव रणजयथम्भरामनेन मनभायेजू । काशीकुलकलशवृद्धजम्बूदीपदीपकेसो दासकोकलपतरुइन्द्रजीतआयेजू २० ॥

गुणरूप जो मणि ताको वैरागर कहिये खानिहै औ धीरज को समुद्र है औ उजागर सब देशमें प्रसिद्ध है औ धवलवृषभहै धर्म को धुर भारधरिकै स्वर्गते धायेहैं धवल वृषभ को कहतहैं प्रमाण सोतिन सरिततीर गाराके गसांई टेट धोरा

अलिन्दर्यो जहां पावं थिरना रहै किंवा धवल उज्ज्वल निर्मल जो धर्म ताको धुर भारभरिके ध्वनिमें वृषभ वामजवक्र आप नेधर्ममें नहीं चल ताके मारिवेको वामदेव शिव हैं २० ॥

दो० ॥ वृषभकंधस्वरमेघसम भुजधुजअहिपरमान ॥ उरसमशिलाकपाटअँग औरत्रियानिसमान २१ ॥

पुरुषको मेघ सो स्वर वरणिये भुजाको ध्वजसम सर्पसम कहिये उर छाती कपाटसम शिलासम कहिये और अंग नेत्र आदि स्त्रीके पुरुष के सम वरणिये २१ ॥

कवित्त ॥ मेघज्योंगंभीरवाणसुनतसखाशिखीनसुखअरिउरनिजवासेज्योंजरतहैं । जाकेभुजदण्डभुवलोककेअभयध्वजदेखिदेखिदुर्ज्जनभुजंगज्योंडरतहैं ॥ तोरिवेकोगढ़तरुहोतहैं शिलास्वरूपराखिवेकोद्वारनिकिवाँरज्योंअरतहैं । भूतलकोइन्द्रइन्द्रजीतराजेयुगयुगकेशौदासजाकेराजराजसेकरतहैं २२ ॥

इतिश्रीमद्विविधभूपणभूपितायांकविप्रियायांकविव्यवस्थालंकारवर्णननामचतुर्थप्रभावः ४ ॥

मेघ सरीपी जो गंभीर वाणीहै ताको सुनिकै सखा जे हैं शिखी मोर सो सुखपावतहैं अरिके उरनिको जवासनिकी तरह जारतहैं यह अर्थ भुजको सर्प समान देखिकै दुर्जनडरतहैं जाको वक्षस्थल गढ़तरवटोगढ़ तोरिवेको शिला स्वरूप होतहैं तोरिवेको गढ़ उरहोतहै शिलास्वरूप ऐसो भी पाठहै आपन गढ़को दरवाजा राखिवेको कपाटसों अड़ेहै भूतलको इंद्र इंद्रजीत युग युगराजे २२ ॥

इतिश्रीहरिचरणदासकृतायांकविप्रियाभरणाख्यायां चतुर्थप्रभावव्याख्या ४ ॥

(अथकवितालंकारवर्णन) दो० ॥ यदपिसुजातिसु लक्षणीसुबरणसरससुवृत्त ॥ भूषणविनुनविराजई कविताबनितामित्त १ ॥

कवीश्वरन जो बात ठहरायराखीहै सोभी कविताकोभूषणहै सो दिखावैहैं हे मित्र भूषण विना कविता औ वनिता न सोहाति है कविता कैसी है सुजाति है सुंदर जामें जाति तरहैं जो अनुप्रास लैचलै ताको कहूं भंग न होय औ सुलक्षणी सुंदर जामें लक्षणा है लक्षणासों अर्थ चमत्कारहोतहै खैंचिकै जामें लक्षणा न करनी परै किंवा सुंदरीतरह जामें रस अलंकार के लक्षण लागतहैं फेरि सुबरण सुंदरजामें रस के अनुकूल बरणअक्षर हैं फेरि सरस शृंगारवीर आदि जामें रसहैं सुवृत्त सुंदर जामें रसके अनुकूल वृत्तछंदहैं यथा शृंगार रससें सवैया मनहरणआदि और वीरसेंउद्यत भुजंगी छप्पय मोतीदामआदि भूषण उपमाआदि वनितास्त्री कैसीहै सुजाति उत्तम कुलकीहै औ सुलक्षणी अर्थात् सामुद्रिकानुसार सुन्दर जाके लक्षणहैं औ सुबरण सुन्दर जाको वरणरंगहै औ वृत्त सुन्दर जाकी वृत्तबात है कोई जाकी निंदानहींकरत सब तारीफ़ करतहैं १ ॥

दो० ॥ कबिनकहेकवितानिके अलंकारद्वैरूप ॥ एक कहैंसाधारणैं एकबिशिष्टस्वरूप २ ॥

कबिन इतिस्पष्ट २ ॥

(अथसामान्यालंकारवर्णन) दो० ॥ सामान्यालंकारको चारिप्रकारप्रकास ॥ वर्णवर्ण्यभूराजश्री भूषणकेशवदास ३ ॥

एकवर्णराग सो आगे कहैंगे औ दूसरो वर्ण्य जाको वर्णन

फरिये नीलगे सू चौथो राजश्रीभूषण बहुत ठौररहै सो सामान्द सामानको अर्थ जाति उपमादि विशेषः ३ ॥

(अथवर्णालंकार) दो० ॥ श्वेतपीतकारेअरुण धूम्रनीलवर्ण ॥ मिश्रितकेशवदासकहि सातभांतिशुभकर्ण ४ ॥

मिश्रितचित्ररंग शुभके करनवाले श्वेतरंग अनेक विषे हैं याते सामान्य ४ ॥

(अथश्वेतवर्णन) दो० ॥ कीरतिहरिहयशारदघन जोन्हजरामंदार ॥ हरिहरहरगिरिसूरशशि सुधासौध घनसार ५ ॥

हरिहयनाम इन्द्रको जरा बुढ़ाई हरिविष्णु किंवा कपिलदेव किंवा श्वेतवाराह कोई २ पुराण में हरिको भी श्वेतकह्यो है (यथा) नंदजीसों गर्गमुनिकेवचन ॥ शुक्लोरक्तस्तथापीतइदानींकृष्णतांगतः याकोअर्थ शुक्लरूपभीहैं लालरूपभीहैं पीतरूप भीहैं अब कृष्णभये हैं श्रीभागवत है हरमहादेव हरगिरिकैलाश सौधचूनालगायोघर घनसारकपूर ५ ॥

दो० ॥ बलबकहीराकेवरोकौड़ीकरकाकांस ॥ ऊंट कांचलीकमलाहिमासिकताभस्मकपास ६ ॥

बलदेवजी करकामेघसों जो पत्थरपरैं जिन्हें ओलाकहत हैं औ काँसपूरबमें कसौंजा कहतहैं काँचलीसर्पकी कमलपुंडरीक किंवा कुमुद सिकतारेत ६ ॥

दो० ॥ खांड़हाड़निर्भरचवँरचन्दनहंसमुरार ॥ छत्र सत्ययुगदूधदधिशंखसिंहउड़सार ७ ॥

निर्भरभरना मुरारकमल की जर गौसिंह श्वेतहै उड़माग

क्षीरसमुद्र उड़मालाको किंवा उर्मिमाली को अपभ्रंश शब्द उड़मार कहत हैं उड़पतारा की माला समूह है जामें ऐसे जानिये ७॥

दो० ॥ शेषसुकृतिशुचिसत्वगुणसन्तनकेमनहास॥
सीपचूनभोड़रफटिकखाटिकाफेनप्रकास ८ ॥

शुचिपवित्रवस्तु किंवा शुचिनाम श्वेतकोहै शेषको शुचि श्वेतवर्णिये सुकृति पुण्य श्वेतवर्णिये खटिकाखरी किंवा खाट भी श्वेत वर्णिये है खटूविका को खाटिकाअपभ्रंश ८ ॥

दो० ॥ शुक्रसुदर्शनसुरसरितवारणवाजिसमेत ॥
नारदपारदअमलजलशारदादिसवश्वेत ९ ॥

शुक्रग्रह औ श्री सुदर्शनचक्र और सुरसरित श्रीगंगाजी औ सुरको वारणहाथी ऐरावत औ सुरकोवाजी उच्चैश्रवाइति सहित श्वेत वर्णिये औ अमलजल निर्मलजल औ शारदा सरस्वती औ शरदऋतु ऐसे जानिये ९ ॥

कवित्त ॥ कीन्हेछत्राक्षितिपालिकेशवदासगणपतिद सनवसनवसुमतिकह्योचारुहै । विधिकीन्होंआसनशारा सनअससमसरआसनकोकीन्होंपाकशासनतुपारुहै ॥ हरिकरीसेजहरिप्रियाकरोनाकमोती हरकरयोतिलकह राहुकरयोहारुहै ॥ राजादशरथसुतसुनोंराजारामचन्द्र रावरोसुयशसवजगकोशृंगारुहै १० ॥

हे श्रीरामचन्द्र तुम्हारो सुयश सम्पूरण जगत को शृंगार भूषण है क्षितिपाति राजाओंने छत्रकिये जो तिनके ऊपर राजत है छत्र श्वेत जानिये वसुमती पृथ्वीने वसनवस्त्र कीन्हों अर्थात् समुद्ररूप सागरावरी भूमिको नाम है असमसरकाम ताको धनुष श्वेतहै पाकशासन इंद्र आपने आसनको चढ़िवे

को नृपार घोडाकियोहै उच्चैश्रवा हरिकी सेजनागरवेतहै हरि प्रिया लक्ष्मीजी तिनने नाकमें पहिरिवेको मोतीकरयो है भस्म अंग है ताको हर ने तिलक कियो है हरापार्वती तिनने हार कियो है सब जग को शिंगार है तीनहुंलोकको भूपितकरतहै जो कोई यश कहत है सो आछो लागत है १० ॥

(पुनः)देहद्युतिहलधरकीन्हींनिशिकरकरजगकरवा णीचारुविमलविहारहै । मुनिगणमनमानिद्विजनजनेऊ जानिशंखशंखपानिपानिसुखदअपारहै ॥ केशवदास सोविलास विलसैविलासिनीनसुखमुखमृदुहासउदयउ दारहै । राजादशरथसुतसुनौराजारामचन्द्ररावरोसुय शसबजगकोशृंगारहै ११ ॥

हलधर श्रीबलदेवजी तिनने आपनी देहकी द्युति करी है निशिकर चंद्रमाने करकिरण कियेहैं जगकर ब्रह्मा तिनने विमल निर्मल चारु सुंदर वाणी सरस्वती को करीहै सुनिग- णकेमन उज्ज्वलजानो औ जनेऊभी उज्ज्वलजानौ शंखपाणि नारायण तिनके पाणि हाथ तामें शंख विलास सहित जेवि- लासिनी स्त्री जासमय में नायकसों विलास करैहैं तासमयमें विशेष करिके लसैहै सोहैहै मुखसों मुखमें मृदुहासको उदय विलासिनी कैसी हे उदार है निपुण है विलास में प्रवीण है हेममें उदार नाम प्रवीणको औ दाताको औ बड़े को ११ ॥

कवित्त ॥ नारायणकीन्हीमनिउरअवदातगानिकम लाकीवाणीभनिशोभाशुभसारहै । केशवसुरभिकेशशा रदासुदेशवेशनारदकेउपदेशाविशदविचारहै ॥ शौनक ऋषीविशेखिसीसपसिखानिलेखि गंगाकीतरंगदेखिवि मलविहारहै । राजादशरथसुतसुनौराजारामचन्द्राव रोसयशसबजगकोशृंगारहै १२ ॥

श्रीरामचंद्रजी के सुयशको श्रीनारायण मणि कीन्हीं है उर छाती ताको अवदात गौरवर्ण जानिये मणिको छातीको एक रंग मिलैहै याते इनके मतमें नारायण श्वेत जानिये कौस्तुभ पीत है कोई और मणि लीजिये कमलाकी वीणा प्रसिद्ध नहीं इनके मतमें उज्ज्वल मणिकहौ किंवा कमलाकी जो वीणा सो वीणाके मधुर स्वरसी जो भनि कहिये ध्वनि शब्द वाणी सो उज्ज्वल है कहूं कमलाकी वाणी भनि ऐसो पाठहै शारदादिकहै आदि पदसों वचन भी लीजिये शौनक आदि जे वृद्ध वृद्ध विशेष ऋषिहैं तिनके शिरविषे शिखा है सोभी उज्ज्वल तुम्हारो यश है १२ ॥

(अथजरावर्णन)सवैया ॥ विलोकिशिरोरुहश्वेतसमे ततनूरुहकेशवयोंगुणगायो । उठेकिधौंआयुकिऔधि केअंकुरशूलकिसुःखसमूलनशायो ॥ लिख्योकिधौंरूप केपाणिपराजयरूपकोभूपकुरूपलिखायो । जरासरपंज रजीवजरयोकिजराजरकंबरसोंपहिरायो १३ ॥

शिरोरुह माथेके केश समेत तनूरुह शरीरके रोम तिनको श्वेत बिलोकिकै केशव कविने यातरह वाको गुण कह्योहै केश की उत्प्रेक्षा करत है केशव कवि किधौं शूलहै जासों मूलस-हित सुख नष्टभयोहै शूल यौवनके सुखको वेधिकरि निकरेहै किधौं रूपको जो भूपहै यौवन समय में श्रेष्ठरूपहै ताने कुरूप जो कोई भूपहै तासों रूपके पाणिसों पराजय लिखाईहै रूप को भूप हारयो यह अर्थ किधौं विधाताने जरानुढाई रूप जो है सरपंजरको पींजरा तामें जीवको जरयोहै रोक्योहै किधौं जरारूप जो जरकंवररूपा को वस्त्र जरनाम रूपाको सोनाको सो पहिरायोहै किंवा जराने ज्वररूप जो कंवलहै सो पहिरायो है वृद्धतामें ज्वरहोतहै जाको बहुत दिन ज्वररहै है सो श्वेत होय जात है १३ ॥

सवैया ॥ अभिरामसचिक्कणश्यामसुगन्धकेधाम हुतेजसुभायकके। प्रतिकूलभयेदुखशूलसबैकिधौंशाल शृंगारकेघायकके ॥ निजदूतअभूतजराकेकिधौंअफता लीजगजनुलायकके । सितकेशहियेयहिवेशलसेजनु शायकअंतकनायकके १४ ॥

जे अनुकूलथे केश ते प्रतिकूलभये विरुद्धभये जे नेत्रनिको आह्लादथे ते नेत्रनिको शूलभये ।किधौं शृंगारको जो कोई घातक मारणहारहै ताके शाल शस्त्र विशेष हैं शाल मत्स्य मारिवेको शस्त्र हैननानार्थमेंहै पूरवमें सरहथ कहतहैं जराके लायक योग्य अफतालीहै केको अन्वय जरासों किंवा के पाद पूरणार्थ जो आमिलके आगेजाय पहिले अमलकरै सो अफ- ताली कहावै १४ ॥

सवैया ॥ लसैशितलोमशरीरसबैकिजरायशरूपके पानीलिखायो।स्वरूपकोदेशउदासकीकीलनिकीलितकै किकुरूपनशायो ॥ जरैकिधौंकेशवव्याधिनिकीकिधौंओ धिकेअंकुरअन्तनपायो।जरासरपंजरजीवजरयोकिजरा जरकंबरसोंपहिरायो १५ ॥

सुंदररूपको देश ठिकाना जो था ताको उदास उद्वेगरूप जो कील मन्त्र तासों कीलिके बांधिके जैसे गांवकीलहै मंत्रसों सखगाड़ेहै नाहर उहां नहीं आवै रूपको नशायो नष्ट कियो कुरूप बसायो एसा भी पाठहै तहां जराने कुरूपको बसायोहै और अर्थ वैसेही व्याधिनिकी जरमूलहै किधौं आधि मनको दुःख ताको अंकुरहै सो कैसोहै जाको अंतनाम स्वरूप कोहै सो नहीं पायो नहीं जान्योहै किंवा अंत नाशकोहै सो जाको नहींपायोहै दिनदिनमेंबढ़ैहै किंवाजाको अंतनहींपायोहै१५॥

(अथपानिवर्णन) दोहा ॥ हरिवाहनाविधिहरजटाह

राहरदहरताल ॥ चंपकदीपकवीररससुरगुरुमधुसुरपाल १६ ॥

हरि वाहन गरुड़ हरा महादेवकीस्त्री पार्वती कहूं हरि भी पाठहै तहां भी पार्वती मधुमहुवा जानिये मधुकपांडुर रघुवंश में है याको अर्थ महुवा सो पीतकुच सुरपाल इंद्र याको अर्थ ऐसे भी केतन्योलोग बखानतहैं सुरदेवता औ पाल जो वस्तु-पालमें डारिये आंव पान इत्यादि सो पीतहैं याते भूमिकी तरह पालको रंग पीत है १६ ॥

दो० ॥ सुरगिरिभूगोरोचना गंधकगोधनमूत ॥ चक्रवाकमनाशिलसदा द्वापरवानरपूत १७ ॥

सुरगिरि सुमेरु भूकहिये भूमि अंकुर पीत निकरे है याते औ गोमूत्र मनःशिल हरताल की तरह होत है औ वानरको बच्चा १७ ॥

दो० ॥ कमलकोशकेशववसन केशरिकनकसभाग॥ सारोमुखचपलादिवस पीतरपीतपराग १८ ॥

श्रीकृष्णकेवस्त्र हे सभागकवि सारोमैनाको मुख १८ ॥

सवैया ॥ मंगलहीजुकरीरजनीविधियाहीतेमंगली नामधरयोहै । दूसरेदासिनिदेहसवाँरिउडायदईघनजा यवरयोहै ॥रोचनकोरचिकेतकीचंपकफूलमेंअंगसुवास भरयोहै । गौरीगुराईकोमैलमिलैकरहाटकके करहाटक रयोहै १९ ॥

मंगल शुभ ताहीकेलिये विधाताने रजनी हरदको बनाई है गौरीकी गुराई को मैलामिलाय कै विवाहादि में चढ़ायनो मंगली नाम धरयोहै फेरि गौरीकी गोराईके मैलसों दामिनी की देहरचीहै निकम्मी जानि उड़ायदई फेरि मैलसों गोरचन

को रचे औ केतकी चंपक फूलनमें अंगको सुवास भी धरयो है गोरीकी गोराईके मैलको निलायकरि हाटकसों ताको औ करहाटक के बीचमें होतहै जामें बीजरहतहै हाटकसे ले कर हाटक ऐसो भी पाठहै हाटकसों लैके करहाटकताई और भी जे पीतवस्तु के समूहहैं ताहि कह्योहै लै यह शब्द आरम्भ वाचकहै जैसे ब्राह्मणसों ले जितने वर्ण आये तिन्हैंहि दिये ऐसे जानिये १६ ॥

(अथकृष्णवर्ण) दो० ॥ विंध्यवृक्षआकाशअसिअ र्जुनखंजनसाँप ॥ नीलकंठकेकंठशनि व्यासविसासी पाप २० ॥

विंध्यपर्वत वृक्षतमालआदि असितरवारि औ साँप नील कंठ मोर किंवा महादेव तिनकोकंठ शनि शनैश्चर श्रीव्यास देव जी बिसासी विश्वास देकरि दगाकरै सो जानिये औ पातक २० ॥

दो० ॥ राकसअंगलँगूरमुख राहुछांहमदरोर ॥ रा मचन्द्रबलद्रोपदी सिंधुअसुरतमचोर २१ ॥

राहुग्रह औ छांह छाया मद मदिरा रोरदरिद्रता सूरदास जीको पद सुदामाको वर्णन। रोरके जोरते शोरधरणी कियो गयो द्विज द्वारिका पठायो इहां रोर दरिद्रकोलियो औ घन मेघ सिंधुसमुद्र की मूर्त्तिजोहै सो श्याम है ऐसे कहत हैं जल रूप होन किंतन्यों कहतहैं उरमार समुद्र कह्योहै तहां क्षीर समुद्र भेदकियोहै राकसअसुर अंधकार औ चोर ये सब कृ- ष्णवर्ण हैं २१ ॥

दो० ॥ जम्बूयमुनातैलतिल खलमनसरसिजचीर॥ भीलकरीवननरकमासि मृगमदकज्जलनीर २२॥

जम्बू जामुनि खलदुष्टको मन सरसिज नीलोत्पल औ चीर

चीड़ कहावतु हैं पैगूकी जाति लुगाई पहिरति है कज्जल नीर काजलको जल मसि पाछे कहीहै फेरि कज्जलनीरकह्यो के- जलनीर ऐसो कोईपढ़तहै ऐसोअर्थकरिये र ल एकहै जलनील सैवाल जानिये २२ ॥

दो० ॥ मधुपनिशाशृंगाररस कालीकन्याकोल ॥
अपयशऋक्षकलंककलि लोचनतारेलोल २३ ॥

मंत्रादिक सों मारणकेलिये करै सो कृत्या कोलसुवर औ लोचन के तारे औ लोल जो बहुततृष्णाकरै लोभी लोल चं- चलको नाम औ तृष्णाकरै ताको नाम २३ ॥

दो० ॥ मारगआगिनिकिसालनर लोभछोभदुखमो
ह ॥ बिरहयशोदागोपिका कोकिलमहिपीलोह २४ ॥

आगिकोपथ जहांआगिलागिजाय तहां कालोपरिजात है श्रीयशोदाजी को श्यामरंग है २४ ॥

दो० ॥ काँचकीचकचकामभल केकीकाककुरूप ॥
कलहक्षुद्रछलआदिदै कारेकृष्णस्वरूप २५ ॥

केकीमयूर और कुरूपजाको बुरोरूपहोय सोजानिये २५ ॥

कवित्त ॥ बैरिनकेबहुभांतिदेखतिहीलागिजातका
लिमाकमलमुखसबजगजानीहै । यतनअनेककरियद
पिजलभरिधोवतहूछूटतिनकेशवबखानीहै ॥ निजदल
जागैज्योतिपरदलदूनीहोति अचलाचलतियहअकहक
हानीहै । पूरणप्रतापदीपअंजनकीराजैरेखराजतश्रीरा
मचन्द्रपानिनिकृपानीहै २६ ॥

राजत श्रीरामचन्द्र पानिनिकृपानीहै पानिनिकोअर्थ पानि जामें रहै सो पानोन ऐसी कृपानी तरवारि श्रीरामचन्द्र की राजतिहै कहूं पानिमें कृपानी ऐसो भी पाट है कैसीतर-

वारिहै जाहि तरवारिके देखनेहींकरि वैरिनके जे कमलसमान मुखहैं तामें वहुततरहसों कालिमा स्याही लागिजातिहै औ रणमेंजीतिके कमलसों प्रफुल्लित मुखहोयरह्योहै सवपदनि की जो ध्वनिकाढ़िये तो ग्रंथ वहुतवाढ़ै तरवारि जव काढ़तहैं तव निजदलमें ज्योति जागतिहै परदलमें शत्रु भूपतिकीरत नग्रेचपेपरे हैं तव प्रतिविम्वसों दूनी होति है अचला भूमि लक्षणाकरि अचलावासी शत्रु सो चलायमानहोत हैं भाजत हैं अचलाचलै यह विरोधाभासहै कहानी कथा सो अकह है कहा नहींजात फेरि कैसीहै पूरण जो प्रताप सोईहैदीप ताके अंजन की रेखा राजतिहै तरवार अंजन श्यामकहे २६ ॥

कवित्त ॥ हंसनिकेअवतंसरचेरंचकीचकरिसुधासों सुधारेमठकाँचकेकलसनसों । गंगाजूकेअंगसंगयमुनात रंगवलदेवकेवदनरस्योवारुणीकेरससों ॥ केशवकपा लीकंठकालकूटकटजैसे असलकमलअलिसोहैशशिस ससों । राजारामचन्द्रजूकेत्रासवशभारेभूपभूमिछोड़िभा गफिरेऐसेअपयससों २७ ॥

राजा रामचन्द्रजी के त्रास के वशसों भारे वड़ेरूप भूमि छांड़े भागे फिरतहैं ऐसेको अर्थ विनाकारण लराई नहींभई अयश के डरसों जो रणसों भाजैंगे तो वड़ो अपयश होयगो तासों पहिले भाजेफिरतहैं ऐसे ह्वैं अयशलागै जैसे हंसनिके अवतंस माथेपर मोरकीसी शिखा उज्ज्वलहोति है सो जैसे किंवा हंसनिकेअवतंस सरदार राजहंस सो जैसे थोरेकीचसों रचिजाय अर्थ रँगिजाय हंसश्वेत कीचश्याम मठ देवमंदिर आदि सो जैसे सुधा चूना सों सुधारे औ कांचके कलश सो ऊपर धरे ऐसे सुधारे सुधाश्वेत कांच श्याम श्रीगंगाजीके अंग श्वेत श्रीयमुनाजीकी तरंग श्याम वलदेवजूको मुख गौर वा- रुणी श्याम कपाली शिव तिनके कंठविषे कूटजाको स्वादु है

ऐसो कालकूट विष जैसे केशव कपाली कंठकूल कालकूट जेसे यहभी पाठहै तहां कूलको अर्थनिकट कंठश्वेत विषश्याम कमल पुण्डरीक तामें अलि इहां भी श्वेत श्यामहै शशिजेसे शश सों सोहत है मृगसों सोहतहै इहां लक्षणाकरि सोहे को अर्थकुरूप लागैहै ऐसे अपयश सों हमभी कुरूप लागेंगे २७॥

(अथरक्तवर्णन) दो० ॥ इन्द्रगोपखद्योतकुज केसरिकुसुमविशेषि ॥ मदिरागजमुखविंदुरवि ताँबोतक्षक लेषि २८ ॥

इन्द्रगोप वीरबधूटी खद्योतको नाम अगिया पटव्यजना जुगुनू जीगन पूरुबमें भगयोगना भी कहतेहैं कुजमंगल केसरि जेहैं कुसुम विशेष बारुणी श्याम कही है मदिरा तासों कछु भिन्न कही है किंवा हाथीके मुखपर सों जो विन्दु चुवैहै सो जो मदिरा गजमद यह अर्थ कहूं केशव गजमुख विन्दु यह भी पाठहै उदय समय रवि औ तांबो औ तक्षक नाग २८ ॥

दो० ॥ रसनाअधरदृगंतपल कुक्कुटशिखासमान ॥ माणिकसारससीयशुक बानरवदनप्रमान २९ ॥

पलमांस कुक्कुट मुरगा ताकी शिखा समान ये सब वरो बरि २९ ॥

दो० ॥ कोकिलचारुचकोरपिक पारावतनखनैन । चुंचचरणकलहंसके पकीकूंदुरूऐन ३० ॥

पिक पपीहा पारावत कबूतर इन सबके नख औ नैनलाल कुंदुरू फल होतहै ताकी तरह जो होय सो लाल ऐनतरहको भी कहतहैं विम्बफल आदि जानिये ३० ॥

दो० ॥ जपाकुसुमदाड़िमकुसुम किंशुककंजअशोक ॥ पावकपल्लववीटिका रंगरुचिरसबलोक ३१ ॥

जपा कुसुमको गुड़हर ओऔंग नामहे किंशुक पलाशको फूल औ अशोकको फूल बीटिका पानकी बीरी लोकलोग ३१॥

दो० ॥ रातोचन्दनरौद्ररस क्षत्रियधर्ममजीठ॥ अरुणमहावररुधिरनख गेरूसंध्या ईठ ३२ ॥

रक्त चन्दन औ रुधिर औ नख लालहैं ईठ मित्र ३२ ॥

सवैया॥ फूलेपलासविलासथलीबहुकेशवदासहुलासनथोरे । शेपअशेपमुखानलकीजनुज्वालविशालचलीदिवओरे ॥ किंशुकश्रीशुकतुंडनकीरुचिराचेरसातलसंचितचोरे। चंचुनिचापिचहूंदिशिडोलतचारुचकोरअंगारनिभोरे ३३ ॥

उद्दीपन विभावहै सो सुनावैहैं नायकविना नहीं रहिसकैंगी रुचि उपजायवेके लिये सखीवचन नायकासों हे बहु हे बहू थोरे हुलास लों नहीं बहुत हुलाससों फूले हैं छोटे बड़े वृक्ष औ छोटी बड़ी डार सब फूलीहैं किंवा बहुतजे तेरी विलास करिवेकी थली ठिकाना हैं तहां किंवा विलास थलीमें बहुतजे पलाशके वृक्ष ते फूलेहैं ताकी उत्प्रेक्षा करतहैं शेपके अशेष मुख सब मुखते अनलकी ज्वाला दिव आकाशकी ओर चली मानों किंशुक जेहैं ते रसातलमें पृथ्वी तलमें चित्तको चोरतहैं देखते उनमें मन लगिजातहै कैसेहैं श्रीशोभायुक्त जे शुक तुण्ड शुकचंचु ताकी जो रुचि क्रांति तेसे राचेहैं विधानानि रँगेहैं किंवा किंशुककी जो शोभा सो शुक तुण्डनिकी क्रांतिमांहैं ताहि किंशुकको चंचुसों चापिकै अँगारके भोरे चकोर डोलत हैं किंशुक आदि लाल जानिये ३३ ॥

(अथधूम्रवर्णन) दो० ॥ काककंठखरमूषिका ग्रहगोधानीनिभूरि॥ करभकपोतनिआदिहैं धूमधूमरीधूरि३४

मूषिका मूसा ग्रहगोधा छपकली पूरुवमें विल्लुवातिया कहत हैं बहुतकहे करभऊंट औ धूरि धूमरीहै धूम्रहै ३४ ॥

सवैया ॥ राघवकीचतुरंगचमूचशधूरिउठीजलहूथलछाई । मानोंप्रतापहुताशनधूमसुकेशवदासअकाशनमाई ॥ मेटिकैपंचप्रभूतकिधौंविधिरेणुमयीनवरीतिचलाई । दुःखनिवेदनकोभवभारकोभूमिकिधौंसुरलोकसिधाई ३५ ॥

श्रीरामचन्द्रजूकी चमू सेना कैसीहै चतुरंगहै जामें चारि अंगहैं हाथी रथ घोड़ा प्यादा सो चतुरंगकी उत्प्रेक्षा प्रताप सो हुताशन आगि ताकोधूमहै मानों नमाई नहीं अमात है किधौं बिधाताने पांच जे प्रभूत हैं पृथ्वी जल तेज वायु आकाश ताको मेटिकै रेणु भूरिमयी रचनाकरी यह नई तरह चलाई फेरि उत्प्रेक्षा करतहैं कवि तर्ककरत हैं भव संसार के भारको दुखकहिबेको भूमि सुरलोक गईहै किंवा भव महादेव सों भारके दुखकहिबेको धूरि धूम धूम्र जानिये ३५ ॥

(अथनीलबर्णन) दो० ॥ दूवबंशकुवलयनलिन अनिलव्योमतृणबाल ॥ मरकतमणिहयसूरके नीलवर्णसेबाल ३६ ॥

कुवलय नीलकमल नलिन कुमुदको भेदहै मरकत मणि नीलम औ सूर्यके घोड़ाभी नील जानिये ३६ ॥

(यथा) सवैया ॥ कंठदुकूलसुओरदुहूंउरयोंउरमेंवलकैबलदाई । केशवसूरजअंशनिसंडिमनोंयमुनाजलधारधँसाई ॥ शंकरशैलशिलातलमध्यकिधौंशुककीअवलीफिरिआई । नारदबुद्धिविशारदहीयकिधौंतुलसीदलमालसुहाई ३७ ॥

और लये कहे वलदाई को अर्थ वरदाई वरकेदेनवारे जो वलदेवजी हैं तिनके कंठमें दुकूल नील जो वस्त्र सो ओर दुहूं वामभागसें दक्षिण भागमें उर छातीविषे यों यातरह उर में लटकैंहै वलदेवजी के अंगकी कांति वस्त्र में परीहै ताकी उत्प्रेक्षा श्रीयमुनाजीने सूर्य की किरणनसों भूषितकरिकै मानों अपने जलकी धारा धँसाई है शंकर शैल कैलास तैसे श्री वलदेवजी ताकी शिलासमान वक्षस्थल तापै शुककी अवलीकहे पंक्तिहै श्रीनारदजी जे बुद्धि विशारद प्रवीण किंवा काहूसों बुद्धि विशारद संवोधन तिनके हृदयमें मानों श्रीतुलसीजीके दलनकी मालाहै ३७ ॥

(अथमिश्रितश्वेतकृष्णशब्दकथन) दो० ॥ सिंहकृष्णहरिशब्दगनि चन्दविष्णुविधुदेख ॥ अभ्रकधातुअकाशपुनि कृष्णश्यामसितलेख ३८ ॥

हरि शब्द करि सिंह श्वेत है ताको जानिये श्रीकृष्णचंद्र श्यामहैं तिन्हैं जानिये विधु शब्दसों चंद्रमा श्वेत औ विष्णु श्याम जानिये अभ्रक शब्द करि धातु जोहै अभ्रक सो श्वेत जानिये अकाश श्याम कृष्ण शब्द को योग आकाशसों कीजिये ऐसे श्याम औ श्वेत जानौं किंवा कृष्ण शब्द करिकै श्याम श्वेत जोहै वस्तु ताको जानों जैसे कृष्णपक्ष दोयघरी चारिघरी राति श्याम होय तौभी कृष्णपक्षकहावै जैसे नीला घोड़ा थोड़ाभी नीलहोय और श्वेतहोय तौभीनीलाकहावै ३८

दो० ॥ घनकपूरघनमेघअरु नागराजगजशेष ॥ पयोराशिकहिसिंधुसो अरुक्षितिक्षीरहिलेष ३९ ॥

कपूरको नाम घनसारहै घन नहीं घनसों कपूरलियो जैसे सत्याकहे सत्यभामाको बोधहोत है घन कपूर श्वेत घनमेघ श्याम नागराज हाथी श्याम शेषनाग श्वेतहैं इहां क्रमते श्वेत श्याम को भंगभयो पयोराशि नाम समुद्रको मूर्त्ति समुद्र

की श्याम है जल उज्ज्वल है कोई कहत हैं कि जब समुद्रपै दूरिते दृष्टिजातिहै तब समुद्र श्याम दृष्टि आवत है आकाश की तरह जल तौ उज्ज्वल है औ पृथ्वी विपे बहुत क्षीर दूध वाची किंवा क्षीर समुद्र वाची सो श्वेत है ३९ ॥

दो० ॥ राहुसिंहसिंहीजभनि हरिवलभद्रअनंत ॥
अर्जुनकहियेश्वेतसो अरुपारथवलवंत ४० ॥

सिंही नाम राहुको सो श्याम औ सिंहको रंग सो श्वेत अनंत नाम हरिको सो श्याम वलभद्रजी गौर किंवा हरि नाम वलभद्रको औ अनंत भगवान् पारथ श्याम हैं ४० ॥

दो० ॥ हरिगजसुरगजसमुझिये हरिहरिगजगज
जानि॥कोकिलसोंकलकंठकहि अरुकलहंसवखानि ४१

हरि गज शब्द करि हरि इंद्र तिनको गज ऐरावत जानिये सो श्वेतहै फेरि हरि गज शब्द को विभागकरि कहत हैं हरि शब्द सों हरि इंद्र लियो श्वेत गज शब्द सों गज हाथी जानौं सो श्याम है कलकंठ नाम कोकिल को औ हंस को ४१ ॥

दो० ॥ कृष्णनदीवरशब्दसों गंगासिंधुवखानि ॥
नीरदनिकसेदांतसों अरुजुनीरकोदानि ४२ ॥

कृष्णनदिवर शब्दसों श्रीगंगाजी नामजानिये अर्थ श्रीकृष्णजी नदीहै सो कैसीहै वर श्रेष्ठहै विष्णुपदी नामहै औ कृष्णनदि वर समुद्रको भी नामहै कृष्ण नारायण तिनकी नदी गंगा तिनके वरपति सरित्पति समुद्रको नाम निकसे दांत होतहै ताको नाम नीरद नीको अर्थ निकसे रदको अर्थ दांत औ नीर जल ताको जोदेइ सो नीरद मेघ जानिये दांतश्वेत मेघ श्याम ४२ ॥

(अथश्वेतपीतशब्दकथन) दो० ॥ शिवविरंचिसों

शम्भुभनि रजतरजतअरुहेम ॥ स्वर्णशरभसोंकहतहैं अष्टापदकरिनेम ४३ ॥

शंभु नाम शिवको कहत हैं सो श्वेत शंभु ब्रह्मा सो पीत रजतनाम रूपाको सो श्वेत हेममें सोनाको भी नाम रजत सो पीत अष्टापदनाम सोनाकोहै सो पीत शरभ कोई जनावर सो श्वेतहै शरभ स्वर्ण सो ऐसो भी पाठहै वादिये नदि तो श्वेत पीतको क्रम भंग होत है ४३ ॥

दो० ॥ सोमस्वर्णकहिचन्द्रकल धौतरजतअरुहेम ॥ तारकूटरूपोरुचिर पीतरकहिकरिप्रेम ४४ ॥

चंद्र नाम चंद्रमाको औ सोनाको कलधौत नाम रूपाको हेम सोनाको तारकूट नाम रूपाको रुचिर सुंदर पीतरको प्रेमकरिकै तू कहि ४४ ॥

(अथश्वेतरक्तशब्दकथन) दो० ॥ श्वेतवस्तुशुचि अग्निशुचि सूरसोमहरिहोय ॥ पुष्करतीरथसोंकहैं पंकजसोंसवकोय ४५ ॥

शुचि नाम श्वेत वस्तुको औ अग्नि अरुण सो हरि नाम सूर्यको अरुण सोम चंद्र सो श्वेत पुष्कर नाम तीर्थ को सो श्वेत पंकज लाल ४५ ॥

दो० ॥ हंसहंसरविवर्णिये अर्कफटिकरविमान ॥ अब्जशंखसरसिजदुवो कमलकमलजलजान ४६ ॥

इतिश्रीकविप्रियायांवर्णालंकारवर्णनोनाम पंचमप्रभावः ५ ॥

हंस पक्षी सो श्वेत औ हंस सूर्य सो अरुण अर्क नाम फटिकको सो श्वेत औ रवि सो अरुण अब्ज नाम शंखको

सो श्वेत औ सरसिज सो अरुण कमल नाम पंकजको औ जलको ४६ ॥

इतिश्रीहरिचरणदासकृतायांकविप्रियाभरणाख्यायां कविप्रियाटीकायांपंचमप्रभावव्याख्या ५ ॥

(अथवर्ण्यवर्णन) दो० ॥ सम्पूरण १ आवर्त २ औ कुटिल ३ त्रिकोन ४ सुवृत्त ५ ॥ तीक्षण ६ गुरु ७ कोमल ८ कठिन ९ निश्चल १० चंचल ११ चित्त १२ सुखद १३ दुखद १४ अरुमंदगति १५ शीतल १६ तप्त १७ स्वरूप १८ क्रूरस्वर १९ सुस्वर २० मधुर २१ अबल २२ बलिष्ठ २३ कुरूप । २ ॥ सत्य २४ झूठ २५ मंडल २६ बरणि अगति २७ सदागति २८ जानि ॥ अष्टबिंशबिधिमेंकहे वर्ण्यअनेकवखानि ३ ॥ (अथसम्पूर्णवर्णन) दो० ॥ इतनेसम्पूरणसदा वरणेकेशवदास ॥ अम्बुजआननआरसी सन्तनप्रेमप्रकास ४ ॥

पीछे पंचम प्रभावमें कहि आये सामान्यालंकार के चारि प्रकार एक वर्णालंकार जामें वर्ण कहिये रंग लीजिये अरु अवर्ण जाकी आकृतिको ग्रहण रंगको ग्रहण नहीं अट्ठाईस कहैंगे संपूरण इत्यादि तीन दोहामें नाम हैं १ २ । ३ इतने इति प्रेमको प्रकाश ४ ॥

(यथा) कवित्त ॥ हरिकरमंडनसकलदुखखंडनमुकुर महिमंडलकेकहतअखंडमति । परमसुवासचोपियूषमंनिवासपरिपूरणप्रकासकेशौदासभूअकासगति ॥ वदनमदनकेसेश्रीजूकेसदनजाहिसोदरसुभोदरदिनेशजूकेमित्र अति । सीताजूकेमुखसुखमाकीउपमाकोसखिकोमलन कमलअमलनरजनिपति ५ ॥

कमल औ चन्द्रमासों श्लेष श्रीरामचन्द्रजीको वचन सखी सों किंवा सखी वचन सखीसों हे सखि सीताजी के मुख की सुखमा जो है अतिशोभा ताकी उपमाको कोमल कमल नहीं औ अमल रजनिपति चन्द्रमा नहीं कमल कैसोहै हरिनारायण तिनके करको मण्डन भूषण है फेरि कैसोहै सकल दुख खण्डन सकल संपूर्ण लोगनि के दुखको खण्डन करनवारो है देखे नैंघ आनन्द होत है मुकुर कलीजाकी फूले कमलकी तो कहांनाईं बड़ाईकरें सोभी उपमा लायक नहीं हेम अनेकार्थ में कोरकादर्शयोरपि याको अर्थ मुकुरनाम कोरककली को औ आदर्श दर्पण को यावातको अखण्ड मति सम्पूर्ण जाकी बुद्धिहै अर्थात् बड़ीबुद्धि है जाकी यह अर्थ सो कहतहै फेरि कमल कैसोहै परम उत्कृष्ट सुवास गन्धहै जाको हेम में पीयूषनाम जलको भी पीयूष जलमें निवास है जाको परिपूर्ण जाको प्रकाश है संपूर्ण फूलि रह्यो है तौभी मुखके समान नहीं फेरि कैसोहै भू आकाश में गति है जाकी सबठौर रहैहै सब आदर करैहै आकाश गंगाके कमलसुरवधू राखती है औ भगवान्के हाथमेंहै मदन कामके वदन समान है श्री लक्ष्मीजीको घर यदि जोभीहै यामें कछु न्यूनता मति जानौं लक्ष्मीजीको सोदर भाईहै जलसों उपज्योहै याते औ शुभोदर है आछो जाको उदर कहिये मध्य है औ दिनेश सूर्य ताको अति मित्र है अथ रजनीपति पक्ष रजनीपति चन्द्रमा कैसोहै हरिकर मण्डन हरि सूर्य तिनके किरण सोईहैं मण्डन भूषण जाको चन्द्रमामें सूर्यके किरणको प्रकाशहै यह पुराण मेंहै किंवा हरि सूर्यके करको मण्डन भूषण करत है शोभित करत है चन्द्रमा में सूर्यकी किरणें आयते शोभा पावती हैं कवि सबवर्णन हैं फेरि चन्द्रमा कैसोहै सकलहै कला सोरहों अंश ताहि सहितहै लोगनिको सूर्यके तापसों भयोहै जो दुख ताको खण्डनहै दूरकरनवारो है किंवा सकल महादेव जिन

में चन्द्रमाकी कला रहति है तिनको जोहै दुख अर्थात् विष की अग्निसों गरमी ताको दूरिकरत है औ नहिमण्डल को मुकुर दर्पण है संपूर्ण पृथ्वीकी छाया चन्द्रमा में परनिहै यह पुराण प्रसिद्ध ज्योतिष में सूर्यग्रहण चन्द्रमासों होत है चन्द्र ग्रहण भूमिकी छायासों होतहै यह ग्रहलाघव बुद्धिमान कहत हैं परमनाम नानार्थमें परमेश्वरकोहै नारायणकेभी तीननेत्र हैं भुजंगेशतुल्यायचाग्न्यर्कचन्द्रात्रिनेत्रायतस्मैनतास्मोनता स्मः परम नारायण तामें सुन्दर है वास जाको पुनि पीयूष अमृत ताको निवास है फेरि जाको परिपूरण प्रकाशहै कैसो है प्रकाश जाकी भूमिमें आकाशमें गति है किंवा चन्द्र कैसो है भूमें जलादिकमें प्रतिबिम्ब करिगतिहै जाकी वदन मदन कैसे मदन के समान जाको वदन है यदि जो लक्ष्मीजी को सोदरभाईभी है तौभी लक्ष्मीजीको मदकहिये स्वभाव चंच- लता कहूंरहै कहूं नहींरहै इत्यादि यामें नहीं है जैसो याको स्वभाव है तैसोईहै बड़े छोटेके घरमें एकतरह प्रकाश करैहै किंवा श्रीजीको सोदरभाई है लक्ष्मीजी जलसों उत्पन्नभई हैं औ लक्ष्मीजीको सदनघरहै यदि जो ऐसोभीहै तौभी उपमा लायकनहीं यादिको अन्वय सवठौर है यदि जो शुभोदरभी है सुन्दर भाकहिये कांति प्रकाश जाके उदर मध्यमें है तौभी उपमा लायकनहीं चन्द्रमा के मध्यमें श्यामताहै याते शुभो- दर जो दिनेशजी ताको अतिमित्र है आपनो तेज सूर्य यामें राखत हैं याते अतिमित्रहै ५ ॥

(अथमण्डलवर्णन) दो० ॥ केशवमण्डलमुद्रिका व लयाबलयवखानि ॥ आलवालपरिवेषरवि मण्डलमण्ड लजानि ६ ॥

चहूं ओर गोलहोय सो मंडल आवर्त को भेद वलयाचूरी वलय पुरुषके हाथमें रहै है कड़ा कहिये आल वाल कियारी

परि वेष परिधि सूर्य चंद्रमाको लागतहै औ रवि मंडल रत-नाको मंडल गोल जानों ६ ॥

कवित्त ॥ मणिमयआलवालथलजजलजरविमंडल मेंजैसेमतिमोहैकविताकी ॥ जैसेसविशेषपरिवेषमेंअशेषरेखशोभितसुवेषसोमसीमासुखदानिकी ॥ जैसेबंकलोचनिकलितकरकंकननि वलिततललितद्युतिप्रगटप्रभानिकी । केशौदासऐसेराजेरासमेंरसिकलालआसपासमंडलीविराजेगोपिकानिकी ७ ॥

आसपास गोपिनकी मंडली बिराजतिहै तहां रासमेंरसिकलाल ऐसे राजत हैं शोभत हैं कैसे शोभत हैं गोपीजन के जो मंडल सोई मणिमय आलवाल कियारी तामें जैसे थलजवृक्ष तमालको वृक्ष जानिये सोहत है तैसो शोभत हैं फेरि रविमंडल में जैसे जलज कमल शोभतहे कविता जोहै ताकी मतिको मोहति है ऐसो रूप वन्यो है कविता कविकी सरस्वती सो नहीं वरणिसकेहै किंवा मणिमय आलवालमें थलज जो जलजस्थल कमल जैसे सोहतहै रवि सूर्य जैसे अपने मंडल में सोहतहैं तैसे सोहतहै सविशेष अशेष रेख जो परिवेष तामें जैसे सुवेष सोम शोभत है याको अर्थ सविशेषको अर्थ सदाको नहीं शरदको जो अशेष रेख परिवेष अशेष संपूर्णहै रेखाजामें कोई ओर खंडित नहीं होय ऐसो जो परिवेष मंडल तामें जैसे सुवेष स्वच्छ कलाकरि पूर्ण सोमचंद्रमा जैसे सोहत हैं तैसे शोभत भये सुखदानकी सीमा श्रीकृष्ण किंवा चंद्रमाको विशेषण किंवा शरद को जो परिवेष तामें अशेष रेख जो सोम अशेष संपूर्ण है रेखा कला जाकी रेखा कलाको भी कहत हैं सो जैसे शोभत हैं चंद्रमा कैसोहै सुवेष है सुंदर जाको वेष स्थान है क्षीर समुद्र फेरि वंक लोचनी नायका के कर जैसे कंकणनिसों कलित वेष्टितहोय तैसे वंक

लोचनि कैसी है प्रगट जो प्रभा तेज ताकी जो ललित सुंदर द्युति शोभा तासों वलित युक्त है कलित वलित को जहां जैसो अर्थ लागै तहां तैसो कीजिये अनेकार्थ शब्द है किंवा जवाहिर लागे कंकणको विशेषण कीजिये आलवाल मंडल आदि जानिये ७ ॥

(अथआवर्तवर्णन) दो० ॥ येआवर्तवखानिये केश वदासस्रुजान ॥ चक्रीचक्रअलातअरु आतपत्रखर सान ८ ॥

लकरी बारिकै फेरत हैं सो अलात आतपत्रछत्र ८ ॥

कबित्त ॥ दुहूंरुखमुखमानौंपलटनजानीजातदेखिकै अलातजातजोतिहोतिमन्दलाजिं । केशौदासकुशलकु लालचक्रचक्रमन चातुरीचितैकैचारुआतुरीचलतभा जि ॥ चन्दजूकेचहूंकोदवेषपरिवेषकेसोदेखतहीरहियेन कहियेबचनसाजि । धापछाँड़िआपनिधिजानिदिशिदि शिरघुनाथजूकेछत्रतरभ्रमतभ्रमीनवाजि ९ ॥

रुख ओर पलट फिरिवो अलातसों जात उत्पन्न जो है ज्योति प्रभा सो लाजिकै मंद होतिहै कुशल आछो कुलाल कुम्हार के चक्रको चक्रमन फिरिवो ताकी जो चातुरी है चारु अश्वकी गति देखिकै आतुरी हरवरायकै भाजिचलति है वेष परिवेषको सो मंडलकी तरह धाप दौरिवेकी टौरना- को छांड़िकै दिशा दिशा में आपनिधि समुद्र दौरिवेकी टौर थोरी याते भ्रमीन भ्रमन शील अलात आदि आवर्त परि- वेषको मंडल में कह्यो है इहां आवर्त में कह्यो ऐसो अर्थ श्री रामचंद्रजी के चहूंकोद चहूं तरफ परिवेषको सो वेष देखत रहिये दर्शनीयहै पै वचनसाजि वचनवनायकै बरोबरि नहीं

कहिये परिवेष मंडलहै परिवेष मंडलकोलक्षण किधौं चाहिये बीच नहीं प्रत्यक्ष जानिपरै ९ ॥

(अथकुटिलवर्णन) दो० ॥ अलकअलिकभ्रूकुंचि ता किंशुकशुकसुखलेपि ॥ अहिकटाक्षधनुबीजुरी कंक णभग्नाविशेपि १० ॥

अलक ललाट कुंचितामोक्ष भग्न फूटयो कंकण १० ॥

दो० ॥ बालचंद्रिकाबालशशि हरिनखशूकरदन्त ॥ कुटिलादिकवेवर्णिये कपटीकुटिलअनन्त ११ ॥

हरिनख नाहरके नख उदारकपटी अनंत कुटिलहै जाको अंत नहीं पाइये किंवा कुटिल वस्तु अनंत हैं ११ ॥

(यथा) सवैया ॥ भोरजगीवृषभानसुताअलसीवि लसीनिशिकुंजविहारी । केशवपोंछतिअंचलओरनिपी कलुकीकगईमिटिकारी ॥वंकलगेकुचबीचनखक्षतदेखि भईहगदूनीलजारी । मानौंवियोगवराहहन्योयुगशैल कीसंधिनिइंगवैडारी १२ ॥

नायकने नेत्र चुंबनकियेहै ताके अंचलको जो छोराकिना रा तासों पीक पोंछनिहै कारी काजरकी रेखा मिटिगई सखी मन जानैगी यानि नायक पास सोई है एक लाज याते भई नखक्षत देखि दूनीलज्जितभई इंगवै शूकरको दांत नखक्षत शूकरको दांत टूटा १२ ॥

(अथत्रिकोणवर्णन) दो० ॥ शकटशिंगारेवजूहल कुचकेननिहारि ॥ केशवदासत्रिकोणसहि पावककुण्ड विचारि १३ ॥

शकट गाड़ा महीं पृथ्वी हलसें अग्निकुंड विशेप १३ ॥

(यथा) कवित्त ॥ लोचनत्रिलोचनकेकेशवविलोकि विधिपावककेकुंडसीत्रिकोणकीनीधरणी । शोधीहैपृथुधा रिपृथुपरमपुनीतनृप करिकरिपूरणदशहूंदिशिकरणी ॥ ज्वालासोजगततजगमगतसुभगमेरु जाकीज्योतिहोति लोकलोकमनहरणी । थिरचरजीवहविहोमियतयुगयुग होताहोतकालनयुगतिजातिवरणी १४ ॥

विधिने शिवके नेत्र देखिकै नेत्रकी आकृति पावकके कुंड सी पावकको कुंडहै मानौं ऐसी त्रिकोण धरणीकीहै सीको अर्थ मानौं शिवको अनादि ठहराये यज्ञवर्णत हैं जहां यज्ञकरतहैं तहां पृथ्वीशोधतहैं पृथुराजाने शोधी है सुमेरु सो ज्वाला सो जगतमेंजगमगातहै कालहोता शिवकेनेत्रआदित्रिकोण १४॥

(अथसुवृत्तवर्णन) दो० ॥ वृत्तवेलफलिगुच्छअरु ककुदसाधुकेअंग ॥ कुंभिकुंभकुचअंडमनि कंदुककलश सुरंग १५ ॥

वृत्तगोलबस्तु चौंड़ीनहीं गुच्छाफूल के ककुदरूप के कांधा पर रहत है साधु सुन्दरताके अंग भुज औ जंघा कुंभी हाथी ताको कुम्भस्थल अण्ड ब्रह्माण्ड किंवा अण्डा औ मणिकं- दुक गेंद १५ ॥

(यथा) कवित्त ॥ परमप्रवीणअतिकोमलकृपालुनेरे उरतेउदितनितचितहितकारीहै । केशौरायकीसौंआनि सुन्दरउदारशुभसलजसुशीलविधिनूरतिसुधारीहै ॥ का हूसोंनजानैंहँसिबोलनिबिलोकिजानें कंचुकीसहितसाधु सूधोवैसवारीहै । ऐसेदूकुचनिसकुचतिनसकतिनृभिह रिहियहरनप्रकृतिकीनिपारीहै १६ ॥

सखीबचन नायकासों ऐसे तेरे कुचनिसों मैं संकोच सों

नहींपूछिसकतिहौं आगेस्पष्ट हे परमप्रवीण नायका हम जो कछु वक्रवचनकहतिहैं ताको तू समुझतिहै नायक याहिदेखि आसक्तभयोहै तासों मिलायो चाहतिहै किंवा मानको अव-शेष है ताहि छुड़ायो चाहतिहै नायक तोहींसों आसक्त है यह अर्थ कुच तेरे कोमल कृपालु हृदय ते उदित कंचुकी सहित कंचुकी चोली ताहि सहित सदा रहतहैं अर्थ यह मुखमूंदे रहतहैं हँसे बोले देखे क्योंकरिकै नायकासों कहतिहै तू कैसी है सूधीहै बहुत तामें कुटिलतानाहीं फेरि तूकैसीहै वैसवारी है वयसनाम हेम में यौवनकोहै वैसवारीको अर्थ युवतीवारी वैसवारी को अर्थ जो बालअवस्था कहिये तो आगे उदार बड़ेकुच नहींबनें किंवा सब कुचही को विशेषण चित हित-कारी आदिपदवारिये कुचगोलवरणे १६ ॥

(अथतीक्षणगुरुवर्णन) दो० ॥ नखकटाक्षशरदुर्वच न शैलादिकखरजानि ॥ कुचनितम्बगुणलाजमति रति अतिगुरुकरिमानि १७ ॥

दुर्वचन कटुवचन शेल वरछी आदि छुरी कटारी जानिये सरतीक्षण आधे दोहा में गुरुवड़ेगुणको औ लाज को ऐसे मतिरातिप्रीति १७ ॥

(यथा) कवित्त ॥ सैंहथीहथ्यारऐनअन्यारेअनेकका मशरहूतेंखरेखलवचनविशेखिये । चोटनवचतओटकि येहूकपाटकोटभौनभोहरेहूभारेभयअवरेखिये ॥ केशौदा समंत्रगदयंत्रऊनप्रति पक्षरक्षलक्षलक्षवज्ररक्षकनलेखि ये । भेदियतमर्मवर्मऊपरकसेईरहेंपरिघनीघायलनिघा येंपैनदेखिये १८ ॥

सैंहथी वरछी जो हथ्यार सो ऐनएको अर्थ एजो खल के वचन सो न कहिये नहींहैं किंवा सैंहथी वरछी औ और जे

हथियार कटारी आदि अन्यारे अनीवारे जाके तीक्षण अग्रभाग हैं सो ए नहींहैं वाको घाव तौ देखिवेमें आवतहै किंवा काम शरहूते खरे अतिअन्यारे अति अनीवारे हैं याते खल दुष्टके वचन विशेष करिये और सामान्यहैं भौंहरा भूमिखोदि घरवनावै सो भौनमें भौंहरामें कोटिकपाटकी ओटकरै मंत्र औ यंत्र औगदकहिये पाछनादैकै औषधि लगावै औ तंत्र तोटका पूरुबमें टोटकरम कहतहैं एभी खलके वचनके प्रतिपक्ष शत्रुहोयकै रक्षा नहींकरै है लाखलाख वज्र जासों रक्षा नहींकरिसकैहै किंवा खलके वचनको जो लक्ष निशाना भयो है जापै खल के वचन चलत हैं ताको लाखवज्र रक्षक नहीं गनिये जो अंगपीड़ाको नहींसहिसकै सो मर्म ताको भेदै है वर्मबख्तर ऊपर कस्यो परयो रहतहै घनी वहुतपीड़ा इहांसे खलवचन तीक्षण १८ ॥

(अथगुरुलाज) सवैया ॥ पहिलेतजिआरसआर
सीदेखिघरीकघस्योघनसारहिलै । पुनिपोंछिगुलावति
लोंछिफुलेलअंगौछेमेंआछेअंगोछनिकै ॥ कहिकेशव
मेदजवादिसोंमांजिइतेपरआंजेमेंआंजनदै।वहुरयोदुरि
देखौंतौदेखौंकहासखिलाजतौलोचनलागियेहै १९ ॥

घनसार कपूर घनाघसे फुलेलसों तिलौंछि थोरा लगाय चीकनेकरै तिलौंछेकी भाषा पूरुव में तेल उसकी सुगन्ध की दोयजाति एक मेदकस्तूरी आदि जवादि केसरि अतरआदि तासों मांजे हेसखि पहिलेमैं देख्यों आलस्यमें एक तो प्रथम दर्शन औ शृंगारभी अस्तव्यस्ततासों भई लाज वहुरो फेरि दुरिकै छपिकै देख्यों पर ऐसे देखिवे सों कहादेखों लाज तो लोचन में लागिये है नायक भी देखै है याते लाज इहांलाज को गुरुवरणी किंवा नायक नहींदेखै है तौभी मोहिं देखतकै लाजलागतिहै याते लाजको गुरुकही १९ ॥

(अथकोमलवर्णन) दो० ॥ पल्लवकुसुमदयालमन माखनमृदुलसुगार ॥ पाटपामरीजीभपद प्रेमसुपुरयविचार २० ॥

मृदुजानिये मृणाल कमलकी जर जीभ औ पद पावँ प्रेम औ पुराय २० ॥

(यथा) कवित्त ॥ मैनगेसोमनमृदुमृदुलमृणालिका केमूतकैसीस्वरध्वनिमननिहरतिहै । दारयोकैसीबीजदां तपानमेअरुणओंठकेशौंद्वासदेखिदगआनँदभरतिहै ॥ परीमरीतेरीसोहिंभावतिभलाई तातेबूझतिहौंतोहिंऔ रबूझतडरतिहै । माखनसीजीभमुखकंजसोकवारितासे काठसीकठेठीबातकैसेनिकरतिहै २१ ॥

मृदुल कोमल मृणालिका के सूत के समान स्वर कंठकी ध्वनि शब्द पातनवपल्लवसे लालओंठ माखनसीजीभ मुख कंजसो तामें काठसी कठेठी कठोरबात कैसे निकरतिहै मैन माखन मृणाल आदि कोमलमेन दोहा में नहींकह्योहै तौभी जानिये इनकेसिवाय और भी कोमललीजिये २१ ॥

(अथकठोरवर्णन) दो० ॥ कुचकठोरभुजमूलमणि वरणिवज्रकहिमित्त ॥ धातुहाडहीराहियोविरहीजनके चित्त २२ ॥

यज्र औ हल कहूं वज्रहू मित्त ऐसो भी पाठहै मणि कहे हीराको ग्रहणहो तौभी अतिकठोरजानि जुदोकरिकह्यो हीरा की कनीसों और मणि छेदीजातिहै २२ ॥

दो० ॥ शूरनिकेतनसूमननकाठकमठकीपीठि ॥ केशवमूर्खाचसअरुहठशठदुर्जनदीठि २३ ॥

कमठ २३ ॥

(यथा) कवित्त ॥ केशवदासदीरघउसासनिकोसदा गतिआपुकोअकासहैप्रकासपापभोगीको । देहजातजा तरूपहाड़नकोरूपोरूपरूपकोकुरूप विधुवासररसंयोगी को ॥ बुद्धिनकीबीजुरीहैनैननिकोधाराधरछातीकोघरघा रतनघायानिप्रयोगीको । उदरकोबाड़वाअगिनिगेहमा नतहौंजानतहौंहिराहियोकाहूपुत्रशोगीको २४ ॥

जानतहौं याकोअर्थ मानौं जहां जानतहौं मानतहौं ऐसे शब्दआवैं तहां उत्प्रेक्षा है पुत्रशोगी को हृदयहीरा है वज्र है हीराको नाम भी वज्र है औ सब जवाहिर में हीरा कठोर है हृदय कैसोहै उसास ऊंचेबड़े चलत हैं ताको चलावे को यह सदागति पौनहै सदागतिपौनको नामहै जब पौन को प्रकोप होतहै तब बड़े उसास चलतहैं दीरघउसासनि को सदागति यह भी पाठहै दीरघउसासनि जहां सदागति चलनोहै दीरघ उसास उठयो रहत है हृदय आयुर्बलको अकाश है अकाश ज्यौतिषसें शून्यको नाम है आयुर्बल शून्य है यह अर्थ किंवा अकहिये थोरीकास कहिये दीप्तिहै प्रकाश पापभोगीको याकोअर्थ पापभोगी जो पापको भोगै पापिष्ट ताको जो होतहै प्रको अर्थ बड़ोकास कहिये खांसीरोग सो है हृदयसों खांसि उठयो शरीर क्षीणभयो धाँसि उठत है किंवा पापभोगी को प्रकास यह पापिष्टहै पापको भोगैहै रूप याको अर्थ हेमकोप में रूपनाम सौंदर्यको औ आकृतिको औ स्वभावको देहजात याको अर्थ देह कहिये पिंड तामें जो उपजै सो देहजात देहजात नाम अंगको हाथ पाँव इत्यादि सो जात रूप सोना से गौरथे इहां वाचक धर्म लुप्तोपमा किंवा देह औ जात कहिये जाति भाषामें इकार को लोप भी करतहैं हेसीसें जातिनाम अंगको भी कह्योहै देह पिंड औ जात अंगतेजातरूप सोना सेथे सो अब पुत्र शोगभये हाड़नको रूपोरूप हाड़हीको रूप

फणिके आकारहै जाको ऐसो रूपभयो है ऐसीतरहको भयोहै भाषामें रूप नरहको भी औ सुंदरको भी कहतहैं फलानारूप कोहै रूपकी लुगाई है सुंदरि है ऐसी वोलति है अंतमें कोहै ताको अन्वय विधु शब्दसों है वासर दिनसंयोगी विधुकोसों रूपभयो विधुनाम हेममें चंद्रमाको भी राक्षसको भी राक्षस को नाम रात्रिचरहै दिनमें जैसो राक्षस वुरोदीखै तैसो वुरो दीखैहै यह अर्थ चंद्रमा तौ काहेको कहिये किंवा रूपको थो पहिले सो अब कुरूपभयो जाके आगे वासर संयोगी दिनमें विधु राक्षस सो जाके आगेकोहै कौनहै कोहै शब्द तिरस्कार विषै या कुरूपके आगे वह कहा कुरूपहै यह अर्थ फेरि लगा इये हाड़नको रूपो हाड़को रूप ह्वैगयो शरीरमें मांस नहीं है रूपरूपको कुरूप तरह तरह को कुरूपभयो देह मलिन वस्त्र मलिन केशवड़े वासर संयोगी विधु राक्षस जाके आगे कोहै कछु नहीं वुद्धिको तौ वीजुरीकीन्हीं वुद्धि जैसे वीजुरी चम- किजाय नैंस चमकिजातिहै नैनानिको धाराधर मेघकीन्हों आंशू आंखिसों वरसतहैं छातीको घरियार कियोहै इहां के शब्द की अन्वय घायसों है घरियारको तौ लकरी के घनसों मारतहैं छातीरूप जो घरियारको सो घन कहिये वहुतघाव चोट ताको प्रयोगी संयोगी कीन्हें हैं घरीघरीमें छाती कूटत हैं उदर पेट ताको वाड़वाग्नि जो समुद्रमें है ताको घरमान तहैं आठपहर पेटवरैहै इहां हृदय औ हीरा कठोर २४ ॥

(अथनिश्चलवर्णन) दो० ॥ सतीसमरभटसन्तमन धर्मअधर्मानिमित्त ॥ जहांतहांयेवरणियेकेशवनिश्चल चित्त २५ ॥

धर्मकरै सो नहीं जाय औ अधर्मकरै सो नहीं जाय निमि त होनहार निश्चल चित्तको अन्वय सतीसों औ समरभटसों किया निश्चल चित्तकरि वरणिये २५ ॥

(यथा) सवैया ॥ कायमनोवचकामनलोभनमोहन मोहैमहाभयजेता। केशवबालवयक्रमवृद्धविपत्तिनहूंच्य तिधीरजचेता ॥ हैंकलिमेंकरुणावरुणालयकौनगनेंकृ तह्वापरत्रेता। येईहैंसूरजमंडलभेदतशूरसतीअरुऊरध रेता २६॥

कहूं वृद्धपाठ है कहूं वृद्धिपाठ है विपतिकी वृद्धिमें जाको काम आदि नहीं मोहै एतनेसमयमें धीरजको चेतेहैं करुणा के बरुणालय समुद्र और पै भी कृपाकरतहैं शूर सती ऊरध-रेता योगी निश्चल चित्तहैं २६ ॥

(अथचञ्चलवर्णन) दो० ॥ तरलतुरंगकुरंगघनवा नरचलदलपान ॥ लोभिनकेमनस्यारजनबालककाल विधान २७॥

चलदल पीपल स्यारजन कायर काल की क्रिया २७॥

दो० ॥ कुलटाकुटिलकटाक्षमनसपनोयौवनमीन ॥ खंजनआलिगजश्रवणश्रीदामिनिपवनप्रवीन २८॥

तरल अतितरल मंदतरल तीनिके ग्रहणहैं कुरंग औ मन तरल है लोभीको मन अतितरलहै याते जुदो ग्रहण कियो यौवन मंदतरलहै गज श्रवण हाथीके कान हे प्रवीण संबोध-नहै काहूसों २८ ॥

(यथा) कवित्त॥ भौंरज्योंभवँतलोललललनालनानि प्रतिखंजनसोथलमीनमानोंजहांजलहै। सपनोऊहोन कहूंअपनोनआपनयेभूलियेनवैनऐनआकवैसोफलहै॥ गांहियेधौंकौनगुणदेखतहीराहियेरी काहियेकछूनरूपमोह कोमहलहै। चपलासीचमकनिसोहैचारुचहूंदिशिकाहू कोसनेहचलदलकोसोदलहै २९॥

कान्हको सनेह सो चलदल पीपलको दल पातसोंहै जैसे अंग लोचनचंचल लतानिप्रति भवँतहै तैसेकाह्न किंवा काह्न कोस्नेहलोल चंचललतानिप्राति औ तृष्णासहित जो होय ऐसे चाहभरे लकना नायकानिप्रति फिरतहैं जैसे थल में खंजन चंचल सपनोहूं होत कहूं आपनो न आपने ये यह प्रसिद्ध है सपनोदेखिहैंमनगोय । अपनोदेखैअनकोहोय ॥ आपनो देख्यो सपनो कहूं आपको सफलहोतहै ये आपने नहीं होत हैं नायकको सुनाय नायका सखी सों कहति है कहूं पाठ है सपनेऊअपनेनहोतकहूंअपनाये जो इन्हें अपनाय लीजिये आपनेकरिलीजिये तो सपनेमें भी ये आपने नहींहोतहैं भूलियेनबैन याको अर्थ इनके कपटभरे वचन सोभूलिये नहीं किंवा देखिये हमारेबैन भूलैमति आककोफल ऊपरअच्छा भीतर निकम्मा देखिवेही के आछेहैं धौंको अर्थबितर्क कौन इनसेंगुणहैं जासों इनको ग्रहणकीजिये पहिले सखीने कह्यो है इनसों प्रीति फेरिकरो तब यहनायकाकी उक्ति रूपइनको मोहको महलहै अर्थात् मोह को निवास है भौंर औ लोभी नायकको मन औ खंजनआदि चंचल २९ ॥

(अथसुखदवर्णन) दो० ॥ पंडितपुत्रपातिब्रताविद्या वपुनीरोग ॥ सुखहीफलअभिलाषकेसम्पातिमित्रसंयोग ३० ॥

पुत्र पंडितहोय जो जाकी विद्याहेत औ सुखही सों फल प्राप्तिहोय जैसी चाहै तैसी सम्पतिहोय ३० ॥

दो० ॥ दानमानधनयोगजयरागबागगृहरूप । मुक्तिसोमरवज्ञतायेसुखदालिअनूप ३१॥

पाछे सम्पाति कही है धनको अन्वय मानसों मुक्तिसुखद है औ सोम चन्द्रमा ३१ ॥

(यथा) सवैया ॥ पंडितपूतसपूतसुधीपतिनीपतिप्रेमपरायणभारी । जानैसबैगुणमानैसबैजनदानविधानदयाउरधारी ॥ केशवरोगनहींसोंवियोगसंयोगसुभोगनिसोंसुखकारी । सांचकहैजगमाहिंलहैयशमुक्तियहैचहुंवेदविचारी ३२ ॥

पुत्र पंडितहोय आपनीविद्या में खबरदारहोय औ सपूत होय जासें चोरी जुवारीपनाको औगुणनहींहोय औ सुधी सुबुद्धिहोय शरीरको रोगसों वियोगहोय रोगनहींहोय यहअर्थ पंडित पुत्र पतिव्रताआदि सुखद ३२ ॥

(अथदुखदवर्णन) दो० ॥ पापपराजयझूठहठ शठतामूरखमित्त ॥ ब्राह्मणनेगीरूपबिन असहनशीलचरित्त ३३ ॥

ब्राह्मण नेगीको अर्थ कोई कार्यमें अधिकारी खजाना हवालेया जगातलेनो इत्यादि वाको नहींदीजिये वहुचोरिखाय जबलेखामाँगै तबपेटचीरिवेलागै कोईहोय रूप बिना नहीं सोहत है असहनशील काहूकी बात नहींसहै ऐसो है चरित्र जाको ३३ ॥

दो० आधिव्याधिअपमानऋणपरघरभोजनवास ॥ कन्यासन्ततिवृद्धतावरषाकालप्रवास ३४ ॥

आधिमनको दुःख ३४ ॥

दो० ॥ कुजनकुस्वामीकुगतिहयकुपुरनिवासकुनारि ॥ परवशदारिदआदिदैअरिदुखदानिविचारि ३५ ॥

जनकहियेदास सो आछो नहींहोय औ कुचालघोड़ा ३५ ॥

(यथा) कवित्त ॥ वाहनकुचालचोरचाकरचपलचित्तमित्रमतिहीनसूमस्वामीउरआनिये । परघरभोजन

नियान्वासकुपुगनिकेशौदासवरषान्नवासदुखदानिये ॥ पानिनकेंअंगलंगअंगनाअनंगवशअपयशयुतसुत चिनाहितहानिये । मूढ़ताबुढ़ाईव्याधिदारिदझुठाईआधि यहईनरकनरलोकनिवखानिये ३६ ॥

मनुष्यलोकमें सातद्वीप के भेदक दहुवचनहैं इतनानरक है कुजन औ स्वामी आदि दुखदायी कहे ३६ ॥

(मन्दगतिवर्णन) दो० ॥ कुलतियहासाविलासवुध कामक्रोधमदमानि ॥ शनिगुरुसारसहंसगजात्रियगति मन्दवखानि ३७ ॥

कुलवधू की हँसी मंदवरणिये वुधज्ञानवान ताको विलास लीला काम क्रोध औ मद तुरंत होतहै मंदमंद छूटत है कहूं दानि भी पाठ है शनैश्चर औ गुरु वृहस्पति ३७ ॥

(यथा) कवित्त ॥ कोमलाविमलमनाविमलासीसखी नाथकमलाज्योंलीन्हेंहाथकमलसनालके । नूपुरकीधुनिसुनिभोरेंकलहंसानिके चौंकिचौंकिपरैंचारुचेटवामरालके ॥ कचनिकेभारकुचभारनिसकुचभारलचाकिलचकिजातकटिनटवालके । हरैंहरैंबोलतिविलोकतिहँसति हरैंहरैंचलतिहरतिमनलालके ३८ ॥

सखीसोंसखीवचन नायकाकैसीहै कोमल औ विमल निर्मल जाको मनहै फेरि विमला सरस्वती सरीपीहै औ सखी जाके नाथनेंहै कमला लक्ष्मी ज्यों जातरहहोय औ हाथ के बीच मनालडांड़ी सहित कमललीनेहै मरालहंस ताके चेटवा बालक कुलत्रिय चालआदि मंद ३८ ॥

(नाथशीतलवर्णन) दो० ॥ मलयजदाखकलिंदसु

खञ्ओरेमिश्रीमीत ॥ प्रियसंगमघनसारशशिजलजल रुहाहिमशीत ३९॥

मलयजचंदन कलिंद तरबूज औ जो सुखद पदार्थ है सो ओराकरकामेघसों जोपत्थरपरैं सो मीतामित्र किंवासम्बोधन आगे प्रियसंगम पदहै याते घनसार कपूर हिम वरफ ३९॥

(यथा) कवित्त ॥ शीतलसमीरटारिचंद्रचन्द्रिकानि वारिकेशौदासऐसेहीतौहरषिहिरातुहै । फूलनिफैलाय डारिझारिडारिघनसारचन्दनकोटारिचित्तचौगुनोपिरा तुहै ॥ नीरहीनमीनमुरझातजीवैनीरहीपैक्षीरकेछिरकेक हाधीरजधिरातुहै।पाईहैतैपीरकिधौंयोंहींउपचारकरैआ गिकैतौडाह्योअंगआगिहीसिरातुहै ४०॥

प्रकाश बिरह है शीतल समीरटारि चन्द्रिकानाम सखीहै तासों कहतिहै चन्द्रकोनिवारि चन्द्रमा मतिदेखनदेहि किंवा बाहरजायकै चन्द्रमा को मति दिखावै घरही में बैठी दूरिते चांदनी मतिदिखावै यह उद्दीपनहै याते विरहीको दुख बहुत होतहै ऐसे या तरह सों चन्द्रमा चांदनी दिखावत के हरप जो है ध्यान में नायकसों जो भयो है मिलन तासों जो सुख सोभी हिरात है जातरहत है किंवा ऐसेही चन्द्रमा चांदनी दिखावतकै सम्पूर्णहीय तौ आवैनहीं दुखसोंहि एतना कहनि है ताको तू रख याको अर्थ राखिले नहींतो हिरातुहै यह भी जातरहैगो तब मरी यहजानैंगे चौगुणाक्योंकरि एक तो वि- रह सों पीड़ा दूसरो ध्यान सें नायकसों मिलनथो सो छूट्यो तीसरो दुख रोग और है इलाज औरहै चौथो सखीको मू- र्खता सों दुखपाईहै तैंपीर तोहिं कबहीं ऐसीपीड़ा प्राप्तभईहै किंवा यहपीड़ा तैं पाईहै समझीहै यहकहादुखहै याते नसी ऊपरीने जान्यो याते प्रकाश समीरलक्षणनें जो कह्योसोनहीं है तौभी जानियो शशिआदि शीतलजानिये ४०॥

(अथतप्तवर्णन) दो० ॥ रिपुप्रतापदुर्वचनतपतप्त विरहसंताप ॥ भूरजअगिकजागिदुरुतृष्णापापविलाप ४१ ॥

भूजागि बीजुरी की आगि तृष्णा लोभ औ पाप औ विलाप ४१ ॥

(यथा) कवित्त ॥ केशौदासनींदभूखप्यासउपहासत्रासदुखकेनिवासविषमुखहूगह्योपरै । वायुकोवहनवनदावकोदहनबड़ीबाड़वाअनलज्वालजालमेंरह्योपरै ॥ जीरनजनमजानजोरजुरघोरपरिपूरणप्रगटपरितापक्योंकह्योपरै । सहिहौंतपनतापपरकोप्रतापरघुवीरकोविरहवीरमोपैनसह्योपरै ४२ ॥

(हनुमानजीसों जानकीजीकोवचन) हे वीर रघुवीर को विरह मोसों नहीं सह्योजाय और कठिन कर्म सब हैसकें कठिनकर्म्म कहतेहैं उपहास निंदासहित हासी औ त्रास ये सब सहेजातहैं ये सबदुखके निवासहैं औ विषकोभी सुखसों ग्रहण हैसकै वहभी खायोजाय यह अर्थ वायु के वहने में चलनेमें दावकोदहन याको अर्थ दावाग्नि किंवा वायुकोआवर्त जानिये सोभी बड़ी जो बाड़वाग्निकीज्वाला ताको समूह सोभी सह्योजाय समुद्रकीआगि वड़वानल जीरणजनम वृद्धावस्था तामें उत्पन्न भयो ऐसो जो जोर सहित ज्वर सो घोर भयानक तासों परिपूरण परिताप दुख सो रघुवीरके विरहके समान क्यों कह्योजाय नहींकह्योजाय यह अर्थ किंवा जन्म ने जानउपज्यो जो जीर्णज्वर तपन सूर्य ताको ताप पर शत्रु को प्रताप दोहामें तप्त थोरे कहे उदाहरणमें वहुत हैं दुखसों नींद भूख इत्यादि जानिये औ विषआदि तप्त ४२ ॥

(अथरूपवर्णन) दो० ॥ नलनलकूबरसुरभिषक्हरि

सुतंमदननिहारि । दमयन्तीसीतादित्रियसुन्दररूपवि चारि ४३ ॥

नलकूवर कुबेरके पुत्र सुरभिपक अश्विनीकुमार हरिसुत प्रद्युम्न किंवा जयन्त ४३ ॥

(यथा) कवित्त॥कोहैदमयन्तीइंदुमतीरतिरातिदिन होहिनछबीलीछिनछविज्योंशृंगारिये।केशवलजातजल जातजातवेदओपजातरूपवापुरोविरूपसोनिहारिये ॥ मदननिरूपवहुरूपतौनिरूपभये चन्द्रबहुरूपअनुरूप क्योंबिचारिये।सीताजूकेरूपपरदेवताकुरूपसेहैंरूपही केरूपकतौवारिवारिडारिये ४४॥

श्रीसीताजी कैसी हैं रूपहीहै या तरह रूपसों रूपक कर- नो इतनेनको वारिडारिये दमयन्ती आदि राति दिन छिन छिनमें छविजो शृंगारिये तौभी छबीली नहींहोहिं छिनको छीनपढ़ै ॥ लघुगुरुगुरुलघुहोतहै निजइच्छाअनुसार ॥ जात वेद अग्नि तासों ओपदई आगि सों तपायो जो जातरूप सोना कछुनहिं किंवा जातवेदकी ओप सोभी लजातिहै मदन निरूप निरूप मनों निरूप भये मदननिरूप इतनेको अर्थ निरूपको अर्थ निरूपण ठहरावनो मदनकाम जब निरूप है निरूपण करैहै ठहरावै है सीताजीकी उपमा लायक कोई है ऐसे ठहरावै तब निरूपम जे सुन्दर पदार्थथे निरूपन जाकी उपमा नाहीं मिलैहै सोभी निरूप भये श्रीसीताजीके मुखकी उपमा लायक नहीं कहूंवदननिरूप ऐसोभी पाठहै वदनको निरूपण करतकै कैसोहै वदन यह ठहरावतके तब और उप- मानते चन्द्रमाको बहुत रूपहै ताको अनुरूप सीताजी के मुखके रूपको योग्य क्यों करिकै विचारिये सीताजूके रूपके आगे पर देवता श्रेष्ठ देवता ब्रह्माणी इन्द्राणी आदि सोभी

रूप हैं अरूपनहींहै कहूं रूपहूके रूपको ऐसोभी पाठ है नपकहिये चित्रनाके रूपको वारिडारिये चित्रकेवल रूपहीहै किंवा रूप जो कोई मूर्त्तिमान है ताके रूपको वारिये कहूंको कविनहू जापै शोभा चौंरढारै दमयन्ती आदि सुन्दरकही४४॥

(अथक्रूरस्वरवर्णन) दो० ॥ झींगुरसांपउलूकअज महिषीकोलवखानि ॥ कालकाकव्टककरभखरश्वानक्रूर स्वरजानि ४५ ॥

क्रूर कठोर उत्कट यह अर्थ झिल्लीइति अज वकरा कोल शुवर कालकाक गांवमें नहींआवै वाहर रहतहै कहूं भेड़िका- क यहभी पाठ है वृकल्यारी पूरुवमें हुण्डार कहत हैं करभ ऊंट करभ हाथीके वच्चाको भी नामहै हाथीभी जानिये ४५॥

(यथा) कवित्त ॥ झिल्लीतेरसीलीजीलीरांटेहूकीर टल्लीस्यारितेसवाईभूतभावनीतेआगरी । केशौदास भैंसनकीभामिनीतेभासैभास खरीतेखरीसीधुनिऊंटीते उजागरी ॥ भेड़निकीमीड़ीमेंड़ऐंड़न्यौरानारिनकीवोकहू नवांकीवाणीकागनिकीकागरी । शूकरीसकुचिशांकिकूक रीओमूकभईघूघूकीघरनिकोहैमोहैनागनागरी ४६ ॥

केशवदास क्रूरस्वर वनावन चाहैथा ताहि समै कोई स्त्री केशवदास को उत्कटस्वरसों उराहनो दीनों तव यह कवित्त वनायो कीलहै कवित्त वनायवेको प्रसंग क्रूरस्वरको वोधव्य वह कर्कसास्त्री वक्ता केशवदाससकोप इनके प्रभावते नागरी पद औरभी सरसजीली यह इत्यादिसों निंदाहीको पुष्टकरत है हेनागरी हे कलह में प्रवीण तेरी कंठध्वनिसों नागसाँप किंवा हाथी सोभी मोहितहोतहैं हमारे ऐसी मनोहर कंठकी ध्वनिनहीं झिल्ली झींगुरते रसीली रसभरी है अतिचुरी है यहजानों जीलीझीनहै रांटटिटिभ पूरुव में टिटिही कहत हैं

ताकी जो रटशब्द ताको लीलिगई है स्यारितेसवाई अधिक भेंड़िकीरसीलीवाणीकी जो मेड़मर्यादाथी ताकोमीड़िमसलि डारी दूरिकरी यहअर्थ नेउरकी नारिनकी ऐंड़मरोर वोकवड़ो वकरा वाकी वाणी ते याकी घाणी वीनहै वोकसोंभी नहींवो- लिबे में आवै काककी कागरी स्त्री किंवा काकनिकी काकी ध्वनि सो गरी गलिगई ४६ ॥

(अथसुस्वरवर्णन) दो० ॥ कलरवकेकीकोकिला शुकसारोकलहंस ॥ तंत्रीकंठनिआदिदैशुभसुरदुन्दुभि वंस ४७॥

कलरव अव्यक्त मधुर ध्वनिहै केकी मयूर आदि कोई क- हतहै इतनेही शुभ स्वरहैं इतनेनके स्वर सुन्दर शोभेहैं अच्छे लागतहैं कलरवचा वंशत्रांतुरी ४७ ॥

(यथा) कवित्त ॥ केकनकीकेकासुनिकाकेनमथतमन मनमथमनोरथरथपथसोहिये । कोकिलाकीकाकलीनि कलितललितबागदेखतहीअनुरागउरअवरोहिये॥ को कानिकीकारिकाकहतशुकसारिकानिकेशौदासनारिकाकु मारिकाहूमोहिये । हंसमालाबोलतहीमानकीउतारिमा लाबोलैनंदलालसोंनऐसीबालाकोहिये ४८ ॥

शरद ऋतुमें मान छुड़ावतिहै सखी और ऋतुनसों शरद ऋतुको अधिक ठहरायकै जो वरषा कालहोय तो हंसमाला नाहीं सम्भवै औ वसन्तहीमें कोकिल वरणतहैं वरषामें नहीं मोर वरषामें वरणत हैं वसन्तमें नहीं हंसमालाके बोलनही मानकीमाला पहिरी है बहुत मानकियो है ताको उतारो को हिये याको अर्थ है कोहिपढ्यो कौनहै ए सखी केकोकसों है मनमथको जो मनोरथ चाह सोहे रथ ताको पथ शोभत है याहीसें कामकी अभिलापदौरतहै कोकिलाकली अव्यक्तमंदि।

ध्वनि तासों कलितयुक्त ललित सुन्दर है वाग अवरोहियो उपजैहै दोयनुकमें शरदकी अधिकाई शुकपक्षी ताकी सारिका पक्षीया सांगति औ कुमारिकामें कामकीप्रवलता ऐसे अधिकाई कहिये ४८ ॥

(अथमधुरवर्णन) दो० ॥ मधुरप्रियाघरसोमकरमाखनदाखसमान ॥ वालकवातैंतोतरीकविकुलउक्तिप्रमान ४९ ॥

सोम चन्द्र ताकी किरण औ कविन की वाणी नेत्र कर्ण रसना घ्राण त्वचा इतनेनको जो सुखद सो मधुर ४९ ॥

दो० ॥ महुवामिश्रीदूधघृतअतिशृंगारसुमिष्ट ॥ ऊखमयूखपियूखगनिकेशवसांचेइष्ट ५० ॥

मयूखमधु अंतःकरणनों प्रीतिकरै सो मित्र मनको अच्छा लगे ५० ॥

(रसिकप्रियायां) सवैया ॥ खारिकखातनटारयोईदाखनमाखनहूंसहमेटिइठाई । केशवऊखमयूखहुदूखतआईहौंतोपहछांडिजिठाई॥तोरदनक्षदकोरसरंचकचाखिगयेकरिकैहुढिठाई । तादिनतेउनराखीउठायसमेतमुधायमुधाकीमिठाई ५१ ॥

खारिकछुहारा माखनसों जो इष्टताथी सो मेटी जेठाई में बड़ाईपना छांडिकै रदनक्षद अधर सुधासमेत वसुधा में जेतनी मिठाई हैं दोहा में थोरी कहत हैं उदाहरण में बहुत जानिलीजिये खारिकदाड़िम नहींकह्योहे तौभीजानिये रसिकप्रियाकोहै ५१ ॥

(अथअवलवर्णन) दो० ॥ पंगुगुंगरोगीवणिकभीतभूखयुतजानि ॥ अंधअनाथअजादिशिशुअवलाअवलवखानि ५२ ॥

भीत औ भूखयुत कहूं भीखभूखयुत ऐसोभीपाठहै भिक्षा की है भूखचाहजाको केतने शरीर के अवलहैं यह गुंगा क्यों करि अवलकह्यो यामें तौ बलहै तहां काहूसों पुकारि न सके याते जानिये वकरा हरिण इत्यादि अवला स्त्री अवल जाति जानिये ५२ ॥

(यथा) कवित्त ॥ खातनअघातसवजगतखवावतुहैद्रौपदीकेसागपातखातहीअघानेहौ। केशौदासनृपतिसुताकेसतिभायभयेचोरतेचतुरभुजचहूंचकजानेहौ ॥ मांगनेऊंद्वारपालदासदूतसुतसुनौकाठमाहिंकौनपाठवेदनिबखानेहौ । औरहैंअनाथनिकेनाथकोऊयदुनाथतुमतौअनाथनिकेहाथहीविकानेहौ ५३ ॥

भारतमें कथाहै दुर्योधनके पठाये दुर्वासा युधिष्ठिरके पास आये या कथा में भगवान् साग को लेशखाय आप तृप्तभये तासों तीनोंलोक तृप्तकिये एक राजाकी कन्याने सोंचेमनसों श्रीकृष्णविना औरकोनहींवरद्यो एकराजा कृष्णको रूपधनाय आयो तव कन्याने कह्यो चारिभुजा दिखावो तौ वरों भगवान् को ध्यानकियो तव चतुर्भुजभयो तो चोरकपटी कन्याने वरयो वामनरूपहोयके मंगनभयो फेरि वलिके द्वारपालभये सांदीपनके इहां पढ़िवेगये तहां लकरी आनिवेगये और भी सेनभक्त को रूपधरि राजाकी हजामतिकरी पांडवनिदूतकरि दुर्योधनके इहां पठाये है भारतमें है प्रह्लादकी रक्षा को काठ थम्भ तामें प्रगटभये हैं यहवात वेद के कौनपाठ में अर्थात् कौनअध्यायमें कही है भगवान् काठमें ते प्रगटहोत हैं यह सुनी भी नहींहै द्रौपदी अवला औ दुर्वासा के शापते भीतहै भूखको अर्थ चाह भी है कन्या औ राजा चाहभरेहैं श्रीकृष्ण विना ये सवअनाथ हैं श्रीकृष्णहीं नाथहैं ५३ ॥

(अथवलिष्ठवर्णन) दो० ॥ पवनपवनकोपूतअनूप

रमेश्वरसुरपाल ॥ कामभीमवालीहलीवलिराजापृथु काल ५४ ॥

हली श्रीवलभद्रजी पृथुराजा भगवान् को अवतार भयेहैं जिन पृथ्वीको समकरीहै लोगनिकी वृत्त वा सोहै ५४ ॥

दो० ॥ सिंहवराहगयंदगुरुशेषसतीसबनारि ॥ गरुड़वेदमातापितावलीअदृष्टविचारि ५५ ॥

सती जो सहगमन करै अपनेपतिको नरकसों काढ़ै यम को जोर नहींचलै किंवा सतीपतिव्रता जे सबनारिहैं एकपतिव्रताको मांडव्यमुनि शापादियो वाके कहे केतनेदिन सूर्यनहीं उगे किंवा सबनारि पुरुषसों स्त्री विषे भोजन औ काम औ यत्न अधिकहै या अर्थकरै अबला अबल विचारि या अर्थसों विरोधपरै अदृष्टकर्म ५५ ॥

(यथा) कवित्त ॥ बालिवध्योवलिराववँध्योकरशूली केशूलकपालथलीहै । कामजरयोजगकालपरयोवँदिशेपधरयोविषहालहलीहै ॥ सिंधुमथ्योकिलकालीनथ्यो व हिकेशवइंद्रकुचालचलीहै । रामहूकीहरीरावणवाम दहूंयुगएकअदृष्टवलीहै ५६ ॥

शूली महादेव तिनके हाथमें त्रिशूल जगतके संहारकरिवे को औ कपालकी खपराई रावणकेबांदिमें जगको कालपरयो थो शेषनाग हलाहल विषधरेहैं किलको अर्थ यहबात है इंद्र की जो कुचाल गोतम के घर यहबात जगतमें पसरी है इहां जोरावरनसों कर्म अधिक जोरावर ५६ ॥

(अथसत्यभूठवर्णन) दो० ॥ केशवचारिहुंवेदको मनक्रमवचनविचार ॥ साँचोएकअदृष्टहरिभूँठोसबसंसार ५७ ॥

संसारझूठ है अदृष्टकर्म औ भगवान् साँचहैं ५७ ॥

(यथा) कवित्त॥ हाथीनसाथीनघोरेनचेरेनगांवऔ ठांवकोनाँवविलैहै । तातनमातनपुत्रनमित्रनवित्तनअंगहूसंगनरैहै ॥ केशवकामकोरामाविसारतऔरनिकाम नकामनिऐहै। चेतिरेचेतअजौचितअन्तरअन्तकलोक अकेलोहिजैहै ५८ ॥

रे मूढ़ अजौं अब भी चित्तके अंतर वीच चेतकरि अंतक यम ताके लोकको अकेलोही जायगो हाथी तेरे साथी नहीं होहिंगे औ घोरे साथी नहींहोहिंगे औ चेरे साथी नहींहोहिंगे औ गांव तेरे साथी नहींहोहिंगे औ ठाँवको तो नामविलाय जायगो फलानी ठौर फलानेकी हवेलीथी यहनाम नहींरहैगो उहां कोई औरही रहैगो औरनहींको नाम होयगो ये तेरे अंग जो हैं सोभी संगमें नहींरहैंगे और निकाम निकम्मा हैं काम नहींआवैगो श्रीरामचन्द्रजी सत्यहैं और झूठहै ५८ ॥

कवित्त ॥ अनहींठिककोठगजानैनकुठौरठौरताहींपै ठगावैठेलिजाहीकोठगतुहै । याकेतौडरानिडरडगनडग तुडरिडरिकैडरानिडागिडौंगीज्योंडिगतुहै ॥ ऐसेत्रसवास तेउदासहोयकेशौदास केशौनभजतकहिकाहूकोखगतु है । झूठोहैरेझूठोजगरामकीदुहाईकाहूसांचकोनायो तातेसाँचोसोलगतुहै ५९ ॥

गुरुशिष्यको नीचकर्म में आसक्त देखि उपदेशकरत हैं रे शिष्य तू अनहीं ठीककोठगहै तोहिं ठगिवेकी ठीकनहीं थोरो देकरि वहुतलेनो यहठग तो कहावतु है भगवान् को तुलसी चढ़ायकै मुक्तिले तू महादेव को आक धतूरा चढ़ायकै संपति चाहै तौ संपतिले प्राचीन । ऐसेकहैं गिरिराजसुताजगदेखो महाठगलोगभयोहै । भोरकै पायो है कंत हमारयतूरदिये धन

लूटिलियोहै । ठग तौ ऐसाठगे औ ठौर जो संसार ताको तू कुठौर नहींजानै या संसारसों तू आसक्तहोयगो तौ नरक में जायगो किंवा और कुठौरहै तीर्थ सब रहिबेकी ठौर हैं उहां विरक्तलोगजेहैं तिनकी सेवाकरि ज्ञानसरीपो जोदुर्लभ पदार्थ ताको तू ले संसारमें ठगभी धनआदि ठगिबेको ठिकाना देखिके ठगतहै नाहिं ठिकाने को ज्ञाननहीं हमारोवचनठेलिकै जाको तू ठगैहै वाकी संपत्तिलेतहै ताहीसों तू ठगावतुहै आगिले जन्म वाको घोड़ा बैल होयकै देनापरैगो थोरो लयगो बहुतदेनोपरैगो किंवाठेलिकै संसारीकोधकादैकै तू मोहिंठगो तू याननमें जानैहै मैं ठगोंहों पै वासों चाहिकैठगावैहै किंवा वाकी बुद्धिको ठगिकै धक्कादैकै याके तौडर एतनेको अर्थ या ठगिबेकी क्रियासों या पापसों तौ निडरडगनडगतडरि एतने को अर्थ निडरहै तू डरिकै एकडग तू नहींडिगै है नहींचलै है या पापकरिबे में तू दृढ़है डरिकै डरनिडगि डोंगीज्योंडिगतुहै याको अर्थ जहांडरआनिपरतुहै तहां तू डरिकै डरपिकै काहू के डरनिसों डिगिजात है आपनी स्थितिसों चल विचलहोत है कांपतहै तोहिं ऐसो ज्ञानभी नहीं पाप पुण्य तौ परमेश्वर करावै है मैं करनवालो कौनहौं दुर्योधनकोवचन पांडवगीता में ॥ जानामिधर्मंनचमेप्रवृत्ति र्जानामिपापंनचमेनिवृत्तिः याको अर्थ धर्ममें जानोंहों पै करिबेकी प्रवृत्तिनहीं और पापभी मैं जानोंहों पै मोहिं वासों निवृत्तिनहीं जो भगवान् करावत है सो करतहों जाको भगवान्को ज्ञानहै सो डरैनहीं । तुलसी जियजानियहै अपने सपने नहिंकालहुतेडरिहै । डोंगी छोटी नाव जैसे डिगैहै तैसे तू डिगिजानहै कांपत है ऐसो बसवास ते उदास ऐसो जो तेरो बसोवासहै रहनोहै ऐसी बोली है तुम्हारो बसोवास कहांहै तासों तू उदासहोयकै केशौदासकहत है केशव भगवान को क्यों नहींभजनहै कहूं तू संसारमें काहे को लगतुहै गड़तुहै आसक्तहोतहै यहअर्थ कहूं ऐसे बसवास

ते यहभीपाठहै ऐसे यातरह जानिकै वसवास रहनेतें उदास होयकै काहू सांचे को बनायो कोई सत्य जो पदार्थ है ताको बनायोहै संसार याते साँचहै मानौं ऐसो लागतहै पक्का कारी-गर ज्यों झूठा मोती जवाहिर बनावै तौ सांचही के समान लागै है ५६ ॥

(अथअगतिसदागतिवर्णन) दो०॥ अगतिसिंधुगिरितालतरुवापीकूपबखानि ॥ महानदीनदपंथयुगपवन सदागतिजानि ६० ॥

पवनको सदागति जानौं सदाचलतिहै औ सदागतिनाम भी है ६० ॥

(यथा रसिकप्रियायां) कवित्त ॥ पंथनथकितपलमनोरथरथनिकेकेशौदासजगमगजैसेगायेगीतमें । पवनविचारचक्रचक्रमनाचित्तचढ़ि भूतलअकाशभ्रमेंधामजलशीतमैं ॥ कौलौंराखौंथिरवपुवापीकूपसरसमहरिविनकीन्हेबहुबासरव्यतीतमैं। ज्ञानगिरिफोरितोरिलाजतरुजायमिलैआपहीतेआपगाज्योंआपनिधिप्रीतिमें ६१

मनोरथ चाह सोहै रथताको जो पंथ सो एकपलभी नहीं थाकत है सदा चलतरहतहै पथअचल चलनवालाचल कैसे जैसे जगतको मगराह तामें जैसे राहीलोग चलतरहतहैं गीत में जैसे गाये हैं जैसो लोग कहतहैं पौनकी तरह चंचल जो विचार रूप चक्रचाक ताहिविषे चक्रमनकेलिये फिरिबेकेलिये चढ़िकै चित्तभ्रमैं है फिरैहै मन ठिकाने नहींरहत है ज्ञानरूप जो गिरिपहाड़ परपातिसों आसक्तिकरिबोदोपहै ऐसो जोज्ञान ताको फोरिकै औ लाजरूपीतरु जो वृक्षताको तोरिकै में ना-यकसों जायकै मिलौं आपगानदी जैसे आपनिधिसमुद्रसों

जायके मिलानि है प्रीतम नायकसों पथमादि अगति पवन सदागति ऐसी जानिये ६१ ॥

(अथदानिवर्णन) दो० ॥ गौरिगिरीशगणेशविधि गिराग्रहनिकोईश । चिंतामणिसुरवृक्षगोजगमाताजगदीश ६२ ॥

ग्रहनकेईश सूर्य गो कामधेनु जगमाता श्रीलक्ष्मीजी ६२॥

दो० ॥ रामचन्द्रहरिचन्दनलपरशुरामदुखहर्ण । केशवदासदधीचिपृथुबलिशिविभीषमकर्ण ६३ ॥

दारिद्रके दुखके हरनवालेहैं ६३ ॥

दो० ॥ भोजविक्रमादित्यनृपजगदेवरणधीर ॥ दानिनहूंकोदानिदिनइंद्रजीतबलवीर ६४ ॥

जगदेव इंद्रजीतको बड़ेरा इंद्रजीतदानि ताकेदानको दिन है खंडनवाले हैं इंद्रजीत के दानके आगे सब के दान खंडे जात हैं ६४ ॥

(अथगौरीकोदानवर्णन) दो० ॥ पावकफणिविषभस्ममुखहरपवर्गमयमानि ॥ देतजुहैंअपवर्गकोपारवतीपतिजानि ६५ ॥

जो पवर्गमयहोय सो पवर्गहीकोदेतहै अपवर्गको कहां सो देतमके अपवर्गको अर्थ मुक्ति पावक अग्नि औ फणी नाग औ विष औ मुखमुण्डमाला भस्म इतने पवर्ग सहित शब्द हैं तिनसों युक्त हरहैं ऐसे हरको पार्वती अपवर्ग देतिहैं यह जानिके कि ये हमारे पतिहैं इन्हें मोक्षदेनो किंवा पतिप्रतिष्ठा जानिके अर्थात इनको अपवर्ग कहिये हमारी प्रतिष्ठा है यह जानिके शर्क्कोनिलीयते विष्णुः शंकरस्सपितामहः यह पुराण वचन है किंवा रतिदेतिहैं रतिमें पवर्ग नहीं है इहां

पवर्ग पातक आदि जो वस्तु धारणकरतहै ताको पवर्ग लेनो आपनो नामको पवर्ग नहीं लेनो नहीं तौ पार्वती पतिमें भी पवर्ग है किंवा हर अपवर्गको देतहैं तामें यह कारण पार्वती के पतिहैं मुक्ति पार्वतीदेतिहै पार्वतीके पति न होते तो मुक्ति कहांतेदेते आधेअंगमें पार्वती रहतिहै किंवा हरको पवर्गमय मानौं अपवर्गको पार्वती देतिहै फेरि पार्वती को पति जानौं पतिको अर्थ पालनकरनवाली पार्वतीकोदान निकरयो ६५॥

(अथगणेशजूकोदानवर्णनयथा) कवित्त ॥ बालक मृणालनिज्योंतोरिडारैंसबकाल कठिनकरालजेअकाल दीहदुखको । विपतिहरतहाठिपद्मिनीकेपातसमपंकज्यों पतालपेलिपठवैकलुखको ॥ दूरिकैकलंकरंकभवशीशश शिसमराखतहैंकेशौदासदासकेवपुखको । सांकरेकीसां करनिसनमुखहोतहीतौ दशमुखमुखजोवैगजमुखमुख को ६६ ॥

सांकर कहिये विपत्ति ताको सांकरसमूह एक विपत्ति पर एक विपत्ति ताके सनमुखहोत सो जब सामने आवतहै तब दशमुख नाम दिशा ताके मुखकहिये मुख्य सरदार दशदि-शापाल इंद्र अग्नि यम आदि हमीमें मुख श्रेष्टको कह्यो है वे सब गजमुख गणेश ताको मुखदेखि रहतहैं तुम या विप-तिको दूरिकरो किंवा दशमुख एकमुख विष्णु चारिमुख ब्रह्मा पांच मुख शिव ये सब कैसे हैं मुखहैं श्रेष्ठहैं सो गजमुख के मुखको देखतहैं किंवा दिशानके मुख गजमुख मुखको देखत हैं हमारो राज्य कौनकरैगो किंवा गजमुखके मुखको काहूके सम्मुख सामने होतके काहूपै राजीहोतके तब दश दिशाके जे मुख्यहैं तिनके मुख सांकरे की सांकरको जोवतहैं दशौदिशा को या पुरुषको वकसैगो यह हमारो अधिकार काहेको राखै गो हमारो अधिकारजायगो जैसे बालक अर्थात् नवीन जो

मृणाल कमलकीजर ताको जैसे कोई तोरिडारै किंवा ख्याल करनि बिनाश्रम बालक जैसे मृणाल तोरिडारै त्यो जो गणेश जी सो सबकाल सबसमयमें कठिन औ कराल भयानक अकाल असमयमें बिनाप्रलयकाल जोहै दीह बड़ोदुख ताको तोरिडारतहैं दूरिकरतहैं कमलिनीके पत्रसमान बिनाश्रम जो रावगेको विपतिको हरतहैं पंक जैसे हाथीके पावँसों नीचे दबिजाय तैसे कलुषपापको दबावतहैं दूरिकरतहैं गणेशकेशी शमें चंद्रमाहै कलंक कला नहीं है चंद्रमाकोसो कलंक दूरि करिकै शीशविषे राखतहैं औ दासको रंकभाव दरिद्रपनादूरि करिकै वपपकी ध्वनि विधाताने वाके देहमें लिखीहै दरिद्र की रेखा ताको दूरिकरिकै भाग्यकी रेखा बनायकै शीशपैरा-खतहैं याको अर्थ बहुत आदरसों राखतहैं रंकभाव दूरिक-रिबेमें दान ६६ ॥

(अथश्रीमहादेवजूकोदानवर्णनयथा) कवित्त ॥ कां गिउठ्योआपनिधिलपनहिंतापचढी सीरीयेशरीरगति भईरजनीशकी । अजहूंनऊँचोचाहैअनलमालिनमुख लागिरहीलाजमनमानोंमनवीशकी ॥ छविसोंछबीलील छिप्रातिसिद्धपाईहरिछूटिगईदानगतिकोरिहूतेंतीशकी । ऐसोंदासतहीकालकारोइकैआयोकालसुनतश्रवणवक शिशकईशकी ६७

ईश महादेव के एक बकशीश यह दान श्रवण सुनत के बनाभयो एकवस्तु जो है ब्रह्माण्ड सो काहूको देनचाहतहैं यहजानि समुद्रकांप्यो कि जाकोदेहिंगे सो हमारेमें जो रतन हैं तो काढ़िलेयगो तपन सूर्यने जान्यो कि हमारोजोहै कार्य किरणनिसों जलहनो अरु फेरि चौमास में मेघद्वारा देनो नाशकरनो औ हमारी पूजाइत्यादि काहेको राखैगो जाको ब्रह्माण्डह्वैगो सो औरही सूर्यकरैगो किंवा हमारोकार्य आ-

पहीकरैगो या किकिरिसों तपनको मानौं दुःखकीतापचढ़ी ऐसे रजनीश चन्द्रमाआदि को अधिकार छूटिवेको दुःखजानिये पुराण वचन है अग्निको मुखनीचो है मलिनमुख अधिकार यशादिक के छूटिवेसों धुवां तौ प्रसिद्धहै लक्षि लक्ष्मी कमल में रहतिहै ताको लैके भगवान् छाती में छपाई यहजानि कि जो ब्रह्माण्ड शिवने काहूकोदियो तौ तेंतीसकोटि देवतादान कहांसों करैंगे किंवा एक वो वकशीश एक रावणको वकशीशके सुनतके समुद्रआदि सबने जान्यों वड़ोदुःखहोयगो वा समय समुद्र कांपिउठयो कि हम बांधेजाहिंगे देवत निको तो दुःख प्रसिद्धही है सूर्य जान्यों शनैश्चर हमारोपुत्रहै सो बांध्योजा-यगो पौननेजान्यों हमैं आंगनवहारिवेपरैगो चन्द्रमानेजान्यों हमारो अमृतलेयगो किंवा राहुको पक्षकरैगो अग्निनेजान्यों हमैं रसोई करनीपरैगी ऐसे जानिये ६७ ॥

(अथविधिकोदानवर्णनयथा) कवित्त॥ आसीविष राकसनिदैयतनिदैपताल सुराननिरानिदियोदिवभूनिकेतहै । थिरचरजीवनकोदीनीवृत्तिकेशौदासदीवेकहूंऔ रकहोकोऊकहांहेतहै ॥ शीतवाततोयतेजआवतसमय पायकाहूपैननाखोजायऐसीवांधीसेतहै । अबतबजबक वजहांतहांजानियतु विधिहीकोदीनोसवसवहीकोदेत है ६८ ॥

अब वर्तमानयुगमें तवभूतयुगमें जबकब जबकोई कबहीं उपजैगो तव देइगो यामें भविष्यत् जहां तहां कोई ठौर में आसीविषसांपआदि पातालमेंरहतहैं निकेतघर वृत्तिजीविका दीनी तुम कहो देनेको और कोई कहादेतुहै जीविकाउपरांत और देनो कहाहै शीतवाय आदि को काल दियोहै शीतपौ-नशीतकालमें आवै ऐसो जानिये एकके आगे एक पंक्तिबंधि- ... सरासेत कहावै ६८ ॥

(अथ गिराकोदान यथा) कवित्त ॥ वानीजगरानी कीउदारतावखानीजायऐसीमतिकेशवउदारकौनकीभई । देवताप्रसिद्धसिद्धऋषिराजतपवृद्धकहैंताकीवात कहिआहूनकहूंलई ॥ भावीभूतवर्त्तमानजगतवखानतहै केशोदासक्योंहूंनवखानीकाहूपैगई । वर्णीपितुचारिमुख वर्णीपूतपांचमुखनातीवर्णीषटमुखतदपिनईनई ६९ ॥

ब्रह्माकी बेटी गणेशकी स्त्री सरस्वती उदार बड़ी देवता आदि कहत हैं ताकी वात कथा गुणि कहत हैं पूरी काहूने कोईठौर कहि नहीं लीनी पूरी काहूसों नहीं कहीगई यहअर्थ देवताआदिकी कही अब मनुष्य कहतहैं भावी जो जगत् जो लोग उपजहिंगे पिता ब्रह्मा चारिमुख ब्रह्मा के पुत्र शिव सो पांचमुखनाती कार्तिकेय सो षटमुख यहईश्वरहैं तऊउदारता नई नई दानवचनसों देत हैं कोईदेय सो सरस्वती देति है सरस्वती एक भगवानकीस्त्रीहै ताको वर्णन यहशोभैहै ६९॥

(अथ सूर्यजूकोदान यथा) कवित्त॥ वाधकविविध व्याधित्रिविधआधिकआधिवेदउपवेदवधवन्धनविधानहैं। जगपारावारपारकरतअपारनरपूजकपरमपदपावनप्रमानहैं ॥ पुरुषपुराणकहैंपुरुषपुरानेसवपूरणपुराणमुनिनिगमनिदानहैं । भोगवानभागवानभगतनिभागदानकरिवेकोकेशौदासभानभगवानहैं ७० ॥

त्रिविध आधिकहे आधिभौतिक औ आधिदैविक औ आध्यात्मिक जो मनको दुख ताके बाधक दूरि करनवाले हैं वेद उपवेद वधबंधन विधान है याकोअर्थ संसाररूप जो मनुष्य को बंधन है ताको जो वध नाश ताको जो विधान क्रिया है ताको किया करनवालाहै वेद औ उपवेद पुराण कहतहैं जग सोई है पारावार समुद्र ताकेपार करतहैं संपूर्ण पुराण औ नि-

गमवेद याको निदान आदि कारण है यहसुनो हैसीमें भोग नाम सुखको औ पालनको भोगवा पालन करनवाला किंवा अत्यन्त सुखीहैं भगवान्हैं भगनाम हेममें ज्ञानको माहात्म्य को नाम जाको नामरूप को नाम पराक्रम को नासश्री को नाम धर्मको नाम औ ईश्वरता कोनाम येसब जाकोहोय अर्थात् इतनेनसों युक्त हैं अरु भक्तनि को भाग्यवान् करिबे को सूर्यभगवान् ईश्वरहैं पाहिला भगवान्को अर्थ जामें ज्ञानमाहात्म्य पराक्रमरहै सो दूसरो भगवान् ईश्वर कहूं भोगमान भानुमान ऐसो भी पाठहै भानु किरण ७० ॥

(अथ परशुरामजीकोदान यथा) सवैया ॥ जोधरणी हिरण्याक्षधरीबरयज्ञबराहछिनायलईजू । जाकेलिये सबभारतभोभवपारथजीवनिबीजवईजू ॥ मानवदानव देवनिकोजुतपोबलकेहूंनहाथभईजू । सातसमुद्रनिमुद्रितरामसुविप्रनिवारअनेकदईजू ७१ ॥

वरश्रेष्ठ जो यज्ञ वाराह अवतार किंवा वरवलसों तपोबल सों किंवा तपस्यासों औ वलसों भवसंसार में जाकेलिये सब भारत युद्धभयो पारथ कुन्तीके पुत्र पांडव ताने जीवनहीं जुवई जीवरूप जो बीज तासों वोईहै बहुत जीवमारि भूमि में बीजकीतरह डारिदिये सातौ समुद्रनसों मुद्रितकरी है किंवा मुद्रा निशानीकरी है सप्तद्वीप पृथ्वी ७१ ॥

(अथ श्रीरामचन्द्रजीकोदान यथा) कवित्त ॥ पूरणपुराणअरुपुरुषपुरानेपरिपूरणवतावैंनवतावैंऔरउक्तिको । दरशनदेतजिन्हैंदरशनसमुझैननेतिनेतिकहै वेदछांड़िभेदयुक्तिको ॥ जानियहकेशौदासअनुदिनराम रामरटतरहतनडरतपुनरुक्तिको । रूपदेयअनिमाहिं गुनदेयगरिमाहिंभक्तिदेयमहिमाहिंनामदेयमुक्तिको ७२

ऐश्वर्यादि गुणकरि पूरणहैं औ पुराणहैं अनादिहैं औ पुराने पुरुष ब्रह्मा लोमश सनकादि आदि परिपूरण बतावै हैं सबठौर व्याप्त हैं कहत हैं सर्वविष्णुमयंजगत् याही उक्तिसों बतावै हैं और उक्तिसों नहीं बतावैं जाको भगवान् दरशन देतहैं सो फेरि दरशन शास्त्रको नहीं समुझिवेलागै सहजहानिन्नातिन्तोंकेवदेचपरिधिष्ठिना। याकोअर्थ जापै भगवान् अनुग्रह करत हैं सो लोक विषे वेदविषे आछीजो है बुद्धि ताको छोड़तहैं पुराण वचनहैं हेमीमें दरशननाम शास्त्रको औ धर्मको भी जाहि भगवानके रूपको वेद नेति नेति कहतहैं याको अर्थ यहनहीं चन्द्रनहीं यहनहीं सूर्यनहीं आकाश नहीं पवन नहीं यहकछु औरहै भेद ब्रह्मा भिन्नजगतभिन्न मध्वमत कहतहै सो भेदकी युक्तिको छाड़िकै संकरमत कहत हैं यहसब ब्रह्म है भ्रमसों द्वैतभासत है यहजानि कोई द्वैतकहत हैं अरु कोई अद्वैत कहतहैं सब श्रीरामजी हैं यह जानिकै अनुदिन सदा पुनरुक्ति जो काव्यमें दोषहै वे श्रीरामनाम में नहीं औ वेदभी नेति नेति पुनरुक्ति करीहै याते भगवान्के भजन में दोषनहीं जाको रूप सचित्र पटमें लिख्यो देखै तो रूपजोहै सो देखनवाले को अणिमा सिद्धिकोदेय अणिमा सिद्धिसों अनुरूपह्वैजाय काहूको नजरि नहींआवै गुणजोहै सो गरिमा सिद्धिकोदेतहै गरिमा सिद्धिवालाचाहै तो ऐसोभारीहोय जो पृथ्वीसोंनहीं सह्योजाय भक्ति जो सेवापूजा सो महिमासिद्धि को देतिहै महिमा सिद्धिवाला जो शरीर बढ़ावै तो ब्रह्माण्ड में न समाय सबसों नाम की अधिकाई नाम मुक्ति को देतहै ७२ ॥

(पुनः) सवैया ॥ जोशतयज्ञकरैकरीइन्द्रसोंसोप्रियताकीपपुंजसोंकीनी । ईशदईजुदयेदशशीशसुलंकविभीषणएमहिदीनी ॥ दानकथारचनाथकीकेशवकोवरणै

रसअद्भुतभीनी । जोगतिऊरधरेतनिकीसुतो औंधकेशू करकूकरलीनी ७३ ॥

जो प्यार शतयज्ञकरे इन्द्रसोंकीनो सो प्यार कपिकेसमूह पैकीनो ऊर्द्धरेता योगी ताकी जो गतिहै ताको ७३ ॥

(अथ बलिकोदान यथा रामचन्द्रिकामें) सवैया ॥

कैटभसोंनरकासुरसों पलमेंमधुसोंमुरसोंजिहिमारयो । लोकचतुर्दशरक्षककेशवपूरणवेदपुराणविचास्यो ॥ श्री कमलाकुचकुंकुममण्डितपण्डितदेवअदेवनिहारयो ।सो करमांगनकोबलिपैकरतारहुनेकरतारपसारयो ७४ ॥

हाथकैसोहै कमलाके कुच कुंकुमसों भूषितहै श्रीलक्ष्मीजी जाकी स्त्री सो मांगिवे को जाके आयो करतार ब्रह्मा ताको करतार ब्रह्मा को बनावनहार ७४ ॥

(अथ अमरसिंहजी रानाकोदान यथा) कवित्त ॥

कारेकारेतमकैसेप्रीतमसुधारेविधि वारिवारिडारेगिरि केशौदासभाखेहैं । थोरेथोरेमदनिकपोलफूलेथूलेथूले डोलैंजलथलबलथानसुतनाखेहैं ॥ घंटाघननातक्षन नातघनेघुंघरानिभौंरभननातभुवपतिअभिलाखेहैं ।दु- र्जनदरिद्रदलदलनअमरासिंहकेशौदासहाथीये हथ्यार करिराखेहैं ७५ ॥

तम अन्धकार किंवा राहु ताके प्रीतममित्र थल थानसुत नाखेहैं याकोअर्थ बलसों थान खूंटासुत सोतो नाखेहैं दूरकरे हैं किंवा बलजामें थानसुत गणेश तिनने नाखेहैं गणेशन इन में बलधरयो है भुवपति राजाने जाको चाहे हैं दुष्टजोहै दरि- द्रता ताको दलसमूह ताके दलनको किंवा दुर्जनको दल औ दरिद्रको दल हाथी ये हथ्यार करिराखे हैं जाको हाथीदेनहैं ताको दारिद्र जातो रहत है ७५ ॥

(अथ बीरबलकोदान यथा) सवैया ॥ पापकेपुंज पखावजकेशवशोककेशंखसुनेसुखमामें । झूठकेझाल रिझांझअलोककेआवतयूथनजातजमामें ॥ भेदकेभेरिबड़ेडरकेडफकौतुकभोकलिकेकुरमामें । जूझतहीबर बीरबजैबहुदारिदकेदरबारदमामें ७८ ॥

इतिश्रीमद्विविधभूषणभूषितायांकविप्रियायां
षष्टप्रभावः ६ ॥

